## न्यूज़ ट्रैक....

### चैम्पियंस लीग फुटबॉल में पीएसजी और मैड्रिड में होगा मुकाबला

**वाशिंगटन ।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और रीयाल मैड्रिड के बीच अब चैम्पियंस लीग फुटबॉल के नाकआउट मुकाबलों में जोरदार टक्कर होने की संभावना है। पीएसजी की नजरें इस बार अपने पहले खिताब पर रहेंगी पर उसके लिए यह आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसका मुकाबला 13 बार की विजेता रीयाल से है। मैड्रिड जवाबी हमले पर तेज खेलने वाली टीमों में से एक है ओर इसी कार पीएसजी की परेशानी बढ़ेगी। मैड्रिड का आक्रमण करीम बेंजीमा पर निर्भर है पर इस बार चोटिल होने के कारण उनका खेलना संदिग्ध है जिसका नुकसान मैड्रिड को होगा। बेंजीमा के विकल्प के तौर पर जेरेथ बेल हैं जो खराब फॉर्म में हैं। वहीं दूसरी ओर पीएसजी की उम्मीदें अपने स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पर रहेंगी। वहीं मिडफील्ड में मैड्रिड के पास लुका मोडरिच और केसमिरो जैसे खिलाड़ीहैं। मैड्रिड 2018 में यूरोपीय कप खिताब की हैट्रिक लगाने के बाद से ही फाइनल में नहीं पहुंच पायी है।

### अब आईपीएल में नजर आयेंगे टेनिस-बॉल क्रिकेटर रमेश

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के लिए हुई मेगा नीलामी में दूसरे दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रमेश कुमार नाम के एक एक क्रिकेटर को खरीदा है। रमेश का आधार मूल्य केवल 20 लाख रुपये था और उन्हें इस पर केकेआर ने खरीदा है। हैरानी की बात है कि रमेश ने अभी तक पेशेवर स्तर पर क्रिकेट नहीं खेला है। वह केवल टेनिस-बॉल क्रिकेट खेलते हैं। पंजाब के इस खिलाड़ी को टेनिस बॉल क्रिकेट का बड़ा स्टार माना जाता है। इस खिलाड़ी ने नीलामी से पहले केकेआर का एक ट्रायल भी दिया था। इसमें उसने लंबे-लंबे शॉट्स मारे थे। तभी से टीम की नजरें उसपर थीं। वह बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी करते हैं। रमेश ने एक टेनिस गेंद टूर्नामेंट में 10 गेंद में 50 रन बनाये थे। केकेआर के खरीदे जाने के बाद से ही उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें रमेश उर्फ नरेन जलालाबादिया को लंबे-लंबे छक्के लगाते देखा जा सकता है। अब देखना है कि टेनिस गेंद से खेलने वाले रमेश कितने सफल रहते हैं।

### रुस की वालिएवा फिगर स्केटिंग स्पर्धा में भाग ले सकेगी: खेल पंचाट

**बीजिंग ।** रुस की कामिला वालिएवा को डोप टेस्ट में विफल रहने के बाद भी शीतकालीन ओलंपिक खेलों में महिलाओं की फिगर स्केटिंग स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति मिल गयी है। खेल पंचाट ने कहा कि 15 वर्ष की वालिएवा को पूरी जांच के बिना अस्थायी तौर पर निलंबित नहीं किया जा सकता है। पंचाट ने कहा कि वह अवयस्क है इसलिए उसके लिये नियम वयस्क खिलाड़ियों से अलग होंगे। सीएएस के महानिदेशक मथियू रीब ने कहा ,'' पैनल का मानना है कि इस खिलाड़ी को ओलंपिक में भाग लेने से रोकने का नुकसान होगा।''

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हुए राहुल, ऋषभ होंगे उपकप्तान

**मुम्बई ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से ईडन गार्डन में शुरु हो रही टी-20 सीरीज में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भारतीय टीम के उप कप्तान होंगे। ऋषभ को यह जिम्मेदारी इसलिए दी गयी है क्योंकि उपकप्तान बनाये गये राहुल चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। ऋषभ पहली बार उपकप्तानी संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार राहुल के फिट नहीं होने के कारण ऋषभ को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई एकदिवसीय सीरीज के दूसरे मैच में फील्डिंग के दौरान राहुल की मांसपेशियों में खिंचाव आ



गया था। अब उनकी जगह रितुराज गायकवाड़ को जगह मिली है ऋषभ को पहली बार भारतीय टीम के नेतृत्व समूह में शामिल किया गया है। वह भी रोहित, राहुल और जसप्रीत बुमराह के साथ भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान की दौड़ में




शामिल हैं। वहीं ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टी-20 सीरीज बाहर हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह कुलदीप यादव को टीम में जगह दी गयी है। वहीं हाल ही में कोरोना से उबरने के बाद रीहैब के अंतिम चरण को फिर से शुरू करने के बाद स्पिनर अक्षर पटेल सीरीज से बाहर हो गए थे। ऐसे में राहुल और अक्षर की जगह रुतुराज गायकवाड़ और दीपक हुड्डा को टीम में शामिल किया गया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम = रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत (उप-कप्तान) (विकेट-कीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि बिश्नोई, युजवेंद्रा चहल , मो. सिराज, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, रुतुराज गायकवाड़, दीपक हुड्डा और कुलदीप यादव।

## टी20 सीरीज से पहले विराट ने जमकर अभ्यास किया

**कोलकाता ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली एकदिवसीय सीरीज में नाकाम रहे हैं पर अब वह बुधवार से शुरु हो रही टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। विराट ने इसी को देखते हुए सोमवार को जमकर अभ्यास किया। इस पूर्व कप्तान ने अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स और थ्रो-डाउन पर जमकर बल्लेबाजी की। कोहली सबसे पहले अभ्यास सत्र में शामिल हुए और सहयोगी स्टाफ के साथ थ्रो-डाउन पर बल्लेबाजी की। इसके बाद वह नेट्स पर 45 मिनट से भी अधिक समय तक बल्लेबाजी करते रहे। उन्हें बीच में कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के



अलावा क्यूरेटर सुजान मुखर्जी के साथ भी बातचीत करते हुए देखा गया। कोहली का लक्ष्य इस सीरीज में बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी लय हासिल करना है। वह पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं। इसके अलावा खराब बल्लेबाजी के कारण वह आलोचनाओं का शिकार भी हुए हैं। वहीं कप्तान रोहित और बल्लेबाजी कोच मानना है कि विराट उस स्तर के बल्लेबाज हैं जहां उन्हें किसी प्रकार की सलाह की जरुरत नहीं है। टीम इंडिया इस सीरीज में मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी।



*बीजिंग में महिलाओं की 3000 मीटर रिले में स्वर्ण जीतने के बाद उत्साहित नीदरलैंड की टीम*

### डु प्लेसी को कप्तान बना सकती है आरसीबी : बांगड़

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी को आईपीएल के 15 वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी दी जा सकती है। आरसीबी के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि डु प्लेसी के आने से न सिर्फ टीम की बल्लेबाजी बेहतर होगी बल्कि उनके नेतृत्व कौशल का भी फायदा मिलेगा। डु प्लेसी इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स में थे। उन्हें आईपीएल की मेगा नीलामी में आरसीबी ने मोटी रकम देकर खरीदा है। बांगड़ ने कहा , डु प्लेसी के आने से टीम की बल्लेबाजी बेहतर होगी। वह शानदार खिलाड़ी है जो शीर्ष स्तर पर निरंतर अच्छा प्रदर्शन करता आया है । उन्होंने कहा , हमें ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो शीर्षक्रम को मजबूत बनाये और उसके आने से यह समस्या सुलझ गई।






# मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं कॉल या मैसेज करूं : निधि अग्रवाल



अभिनेत्री निधि अग्रवाल का कहना है कि वह जब भी अपने दोस्तों के साथ बाहर जाती हैं, तो वे खासी एहतियात बरतती हैं। वह नहीं चाहती हैं कि उनके बारे में कयास लगाए जाएं कि वह किसे डेट कर रही हैं। निधि ने कहा, पेपराज्जी द्वारा मुझे स्पॉट करने की कुछ घटनाओं के बाद अब मैं बहुत सावधानी बरतती हूं। यहां तक कि अपने दोस्त के साथ डिनर पर जाते हुए भी मैं बहुत एहतियात बरतती हूं। मैं नहीं चाहती हूं कि मुझे लेकर अफवाहें उड़ें या किसी के साथ मेरा बेवजह नाम जोड़ा जाए। अभिनेत्री इस समय तेलगु सुरपस्टार पवन कल्याण के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म कर रही हैं। वह कहती हैं, मेरी जिंदगी शानदार है। मैं लगातार ट्रैवल कर रही हूं। मैं पूरी तरह सिंगल हूं। मेरे पास ऐसा कोई नहीं है, जिसे मैं मैसेज करूं या कॉल करूं। कई बार जब मैं दूसरों को फोन पर देखती हूं, तो मैं सोचती हूं कि मैं किसे मैसेज करूं। इसके बाद मैं अपने मैनेजर को मैसेज कर देती हूं। क्या वह किसी रिलेशनशिप में बंधने के लिए तैयार हैं इसे लेकर वह कहती हैं, पहली बात तो इसके लिए मेरा किसी ऐसे इंसान से मिलना जरूरी है। फिर चीजें आगे बढ़ेंगी। लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं, जब मेरी जिंदगी में कोई आ जाएगा मैं तब भी खुश होऊंगी।

## मवाली दिल सॉन्ग और निकिता गांधी का अंदाज

मूल ट्रैक मवाली दिल के वीडियो में निकिता गांधी कुछ पंक्तियां गाती हुई एक कैमियो करते हुए नजर आयी थी। निकिता स्वतंत्र संगीत में काम कर रही हैं। हालांकि मवाली के मूल ट्रैक को शाश्वत द्वारा लिखा और संगीतबद्ध किया गया है, निकिता ने गाने के लिए एक मजबूत जुड़ाव महसूस किया और इसको अपने अन्दाज में पेश करने का फैसला किया। सूत्रों के मुताबिक, निकिता ने गाने का एक कवर किया है क्योंकि वह व्यक्तिगत रूप से गैर-फिल्मी संगीत का समर्थन करती है और वह ओरिजनल ट्रैक से प्यार करती है। इसे रिलीज से एक दिन पहले शूट किया गया था। शूटिंग मारबेला, कोलकाता के एक मनमोहक छोटे कैफे में हुई।गाने पर काम करने के अनुभव को साझा करते हुए, निकिता कहती हैं, मवाली दिल एक ऐसा गाना है, जिस पर मैंने शाश्वत के साथ मिलकर काम किया, क्योंकि मैं गाने की शुरुआत से ही गाने का हिस्सा थी। यह मूल ट्रैक के लिए मेरा ट्रिब्यूट है। यह गीत मेरे लिए हमेशा खास रहा और इस रीमेक को बनाना वास्तव में इस खूबसूरत गाने के लिए बहुत बड़ी बात है।



## नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर रिलीज

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मेघा स्टार सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन की फिल्म वाइल्ड डॉग का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। फिल्म में नागार्जुन का एक्शन अवतार फैन्स को देखने को मिलेगा। इस फिल्म में नागार्जुन एनआईए के एक स्पेशल ऑफिसर बने हैं। ट्रेलर में नागार्जुन आतंकवादियों से दो- दो हाथ करते नजर आएंगे। फिल्म में नागार्जुन के किरदार का नाम विजय वर्मा है, जिसे वाइल्ड डॉग भी कहते है। बता दें कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है, जिसमें हैदराबाद में हुए आतंकी हमले को दर्शाया गया है। गौरतलब है कि फिल्म का निर्देशन अहीशोर सोलोमन ने किया है जबकि इसका म्यूजिक थमन ने दिया है। फिल्म में नागार्जुन के साथ दीया मिर्जा, सैयामी खेर, अतुल कुलकर्णी, अली रजा, रुद्र प्रदीप, अनीश कुरुविला, केसी शंकर, शाद अली भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# चारू असोपा ने लगाया हॉटनेस का तड़का, फोटो वायरल



अपने बोल्ड अवतार में नजर आई चारू असोपा, फोटो वायरल एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन की भाभी और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री चारू असोपा इस समय अपने पति राजीव सेन के साथ वैकेशन पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। हाल ही में चारु ने सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटोज शेयर की, जिसमें वह रेड बिकिनी में नज़र आ रही हैं। चारू असोपा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को पंसद करने के साथ ही फैंस इस पर लगातर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। चारु की तस्वीरों को देखकर मालूम होता है कि वो किसी बेहद खूबसूरत रिजॉट में ठहरी हैं। बता दें कि चारू अक्सर सिर्फ अपनी बल्कि पति राजीव के साथ भी अपनी रोमांटिक तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करती रहती हैं जिसे उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। राजीव सेन ने 27 फरवरी 2021 को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी पत्नी चारू असोपा के बर्थडे सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की थी।

# एक साथ फिल्म में नजर आएंगे प्रभास और ऋतिक रोशन, बॉक्स आफिस पर लगेगी आग



साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स आफिस पर धमाका करने वाले है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता प्रभास के खाते में करीब 4 बड़े बजट की धांसू फिल्में है। जिसकी तैयारी वो पिछले काफी समय से कर रहे है। अभिनेता इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे है। वहीं उनकी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म राधे श्याम भी है। अब अभिनेता प्रभास के चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको सुनने के बाद प्रभास के फैंस की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच जाएगी। इस वक्त की आई ताजा खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेता प्रभास ने फिल्म वॉर के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद के साथ एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। जिसमे बॉलीवुड के मशहूर हैंडसम हंग और डांसर अभिनेता ऋतिक रोशन भी उनके साथ ही दिखाई देंगे। सिद्धार्थ आनंद की इस फिल्म को अगर दोनों कलाकारों की तरफ से मंजूरी मिल जाती है तो यकीन मानिए बॉक्स आफिस पर आने वाले दिनों में जबरदस्त धमाका होना तय है। सिर्फ इतना ही नहीं प्रभास और ऋतिक रोशन की फिल्म भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा।



## स्पेशल ऑप्स 1.5 में आफताब शिवदासानी

नीरज पांडे और फ्राइडे स्टोरीटेलर्स ने स्पेशल ऑप्स 1.5...द हिम्मत स्टोरी के लिए आफताब शिवदासानी को साइन कर लिया है। यह उनके शो स्पेशल ऑप्स के बाद स्पेशल ऑप्स यूनिवर्स की अगली किस्त है, जिसे पिछले साल डिज़्नी हॉटस्टार पर रिलीज़ किया था और सुपरहिट साबित हुआ था। आफताब ने साझा किया, नीरज पांडे जैसे फिल्म निर्माता के साथ उनके बैनर फ्राइडे स्टोरीटेलर्स के तहत काम करना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। स्पेशल ऑप्स यूनिवर्स का हिस्सा बन कर रोमांचित हूं, एक शो जिसे मैंने एक दर्शक के रूप में अच्छी तरह से एन्जॉय किया और अब मैं इसकी कास्ट के एक सदस्य के रूप में इसे अनुभव कर रहा हूं। नीरज पांडे कहते हैं, फ्राइडे स्टोरीटेलर्स में आफ़ताब शिवदासानी को शामिल कर के हमें अत्यंत खुशी हो रही है। वह स्पेशल ऑप्स 1.5 कलाकारों की टुकड़ी में एक रोमांचक अडिशन है और हम उनके साथ काम करनने के लिए तत्पर हैं। बता दें कि स्पेशल ऑप्स का पहला सीज़न मार्च 2020 में लॉन्च किया गया था।



# पहले दिन राजकुमार-जाह्नवी की फिल्म रूही ने मचाया धमाल



महाशिवरात्रि पर रिलीज हुई राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म रूही ने कमाई के मामले में हैरान कर दिया है। कोरोना महामारी के चलते भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म ने नेशनल मल्टीप्लैक्स ने लगभग 1.89 करोड़ कमाए, वहीं टायर 2 सीटीज में भी डीसेंट कमाई की। फिल्म ने गुरुवार को कुल 3.06 करोड़ की कमाई की। इस फिल्म को देखने के बाद बोनी कपूर ने कहा था- ये हॉरर-कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। वास्तव में इसमें डरावने और फनी मोमेंट्स हैं। ऑडियंस को हॉरर कंटेंट पर हंसी का डोज मिलेगा। मेरी प्रार्थनाएं फिल्म के साथ हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि ऑडियंस फिल्म देखने के लिए थिएटर जाएगी। जाह्नवी, राजकुमार राव और वरुण शर्मा रूही में शानदार है। जाह्नवी इतनी मेहनत कर रही हैं। वो हर फिल्म के साथ बेहतर होना चाहती हैं। उसकी मां (श्रीदेवी) को उस पर गर्व होता। हॉरर-कॉमेडी रूही को महाशिवरात्रि की छुट्टी का बड़ा फायदा हुआ है। इसके अलावा ओपनिंग डे पर एडवांस बुकिंग भी अच्छी थी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आगे शनिवार और रविवार तक फिल्म का टिकट की खिड़की पर क्या हाल होता है।


# बर्फ के ये फायदे जानकर चौंक जाएंगे आप, जरूर पढ़े!



आप बर्फ का इस्तेमाल तो खूब करते होंगे. कभी पानी में या शरबत या अन्य किसी चीज़ में लेकिन क्या आप जानते हैं बर्फ का इस्तेमाल आप और भी कई चीज़ों में कर सकते हैं बर्फ का इस्तेमाल दवाई के रूप में भी कर सकते हैं तो, सुंदर दिखने के लिए भी कर सकते हैं आइये जानते हैं बर्फ के ये फायदे....

1. कड़वी दवाई खाने से पहले मुंह में बर्फ का टुकड़ा रख लें, दवाई कड़वी ही नहीं लगेगी।
2. यदि आपने बहुत ज्यादा खा लिया है और खाना पच नहीं रहा, तो थोड़ा-सा बर्फ का टुकड़ा खा ले। खाना शीघ्र पच जाएगा।
3. यदि आपके पास मेकअप का भी समय नहीं है या आपकी त्वचा ढीली पड़ती जा रही है तो एक बर्फ का छोटा-सा टुकड़ा लेकर उसे किसी कपड़े में (हो सके तो मखमल का) लपेट चेहरे पर लगाइए। इससे आपके चेहरे की त्वचा टाइट होगी और यह टुकड़ा आपकी त्वचा में ऐसा निखार ला देगा जो और कहीं नहीं मिलेगा।
4. प्लास्टिक में बर्फ का टुकड़ा लपेटकर सिर पर रखने से सिरदर्द में राहत मिलती है।
5. यदि आपको शरीर में कहीं पर भी चोट लग गई है और खून निकल रहा है तो उस जगह बर्फ मसलने से खून बहना बंद हो जाता है।
6. कांटा चुभने पर बर्फ लगाकर उस हिस्से को सुन्न कर ले, कांटा या फांस आसानी से निकल जाएगा और दर्द भी नहीं होगा।
7. अंदरुनी यानी गुम चोट लगने पर बर्फ लगाने से खून नहीं जमता व दर्द भी कम होता है।
8. नाक से खून आने पर बर्फ को कपड़े में लेकर नाक के ऊपर चारों और रखें, थोड़ी देर में खून निकलना बंद हो जाएगा।
9. धीरे-धीरे बर्फ का टुकड़ा चूसने से उल्टी बंद हो जाती है।
10. पैरों की एड़ियों में बहुत ज्यादा तीखा दर्द हो तो बर्फ की क्यूब मलने से आराम मिलेगा।
11. आंखों के काले घेरे दूर करने के लिए खीरे के रस और गुलाब जल को मिलाकर बर्फ जमा लीजिए, फिर उस टुकड़े से काले घेरों पर मालिश करे, बहुत जल्द आपकी समस्या दूर होगी। और यदि ज्यादा देर मोबाइल या कंप्यूटर चलाने के बाद आपकी आंखें दर्द कर रही हैं तो बर्फ के टुकड़े को अपनी आंखों पर रखिए।

## गर्मियों में किसी अमृत से कम नहीं है तरबूज, जानें इसके हैरान कर देने वाले फायदे



गर्मी शुरू हो चुकी है, ऐसे में धूप और लू के असर से खुद को बचाने के लिए ढेर सारी पानी पीजिए और पानी से भरपूर तरबूज खाइए। अपने शरीर को कुछ पोषण देने का सबसे आसान तरीका तरबूज का इस्तेमाल है। गर्मी के इस फल में कई फायदे छिपे हुए हैं और आप पर जादुई काम करता है। अगर आप अभी भी उसे अपनी डाइट में शामिल करने के बारे में आश्वस्त नहीं हैं, तब कुछ वजहों को जानिए कि क्यों तरबूज गर्मी का एक सबसे स्वस्थ फल है।

**इम्यून सिस्टम:** तरबजू में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाता है। तरबूज में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है।

**आंखों के लिए अच्छा:** रोज़ाना तरबूज खाने से आंखें भी स्वस्थ रहती हैं। ये बीटा कैरोटीन का एक शानदार स्रोत है जो विटामिन ए में हमारे शरीर में परिवर्तित हो जाता है। विटामिन ए रतौंधी से आंखों को मुक्त रखने का जिम्मेदार है।

## चीन पर कार्रवाई

भारत सरकार ने एक बार फिर चीन पर डिजिटल स्ट्राइक की है। भारत की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले 54 चीनी ऐप्स पर भारत सरकार प्रतिबंध लगाएगी। एएनआइ के अनुसार, इन 54 चीनी ऐप्स में ब्यूटी कैमरा॰ स्वीट सेल्फी एचडी, ब्यूटी कैमरा॰ सेल्फी कैमरा, ईक्वलाइजर एंड बेस बूस्टर, कैमकार्ड फॉर सेल्सफोर्स एंट, इसोलैंड 2॰ एशेज ऑफ टाइम लाइट, वीवा वीडियो एडिटर, टेनसेन्ट एक्सराइवर, ऐप लॉक और डुअल स्पेस लाइट शामिल हैं। दरअसल, इससे पहले पिछले साल जून में भारत ने देश की संप्रभुता और सुरक्षा के खतरे को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक, वीचैट और हेलो सहित 59 चीनी मोबाइल एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था। 29 जून के आदेश में प्रतिबंधित अधिकांश ऐप्स को लेकर खुफिया एजेंसियों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि, उपयोगकर्ता डेटा एकत्र कर रहे हैं और संभवत॰ उन्हें बाहर भी भेज रहे हैं। चीन के एप्स पर पाबंदी के फैसले के बाद निरंकुश चीनी नेतृत्व और उसकी शरारती सेना अपनी हरकतों से बाज आएगी, इस बारे में कुछ कहना कठिन है। भारत इसके पहले भी चीन के सौ से अधिक एप्स को प्रतिबंधित कर चुका है। इसके बावजूद उसकी सेना लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर छेडछाड़ करने में लगी हुई है। चीनी सेना किस तरह बेलगाम होकर अपनी करनी पर आमादा है, इसका पता इससे चलता है कि बीते दिनों उसने उस वक्त सीमा रेखा का अतिक्रमण करने की कोशिश की, जिस समय दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बातचीत हो रही थी। स्पष्ट है कि चीन आसानी से मानने वाला नहीं है। उसे सख्त संदेश देने के लिए यह आवश्यक है कि आर्थिक मोर्चे पर उसके खिलाफ ऐसे बड़े फैसले लिए जाएं जो उसकी अर्थव्यवस्था को तगड़ा नुकसान पहुंचाएं। इसी के साथ सैन्य मोर्चे पर और अधिक चौकसी बरतनी होगी। यह चौकसी लद्दाख के साथ-साथ उन सभी इलाकों में बरती जाए, जहां चीन की सीमा लगती है। भारत को अपनी सैन्य तैयारियों के जरिये चीन को यह संदेश देने की जरूरत है कि अगर उसने सीमा पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की तो उसे अनुमान से अधिक करारा जवाब मिलेगा। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सैन्य तैयारी तेज करनी होगी और इस क्रम में सेना की हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना होगा। चूंकि चीन न केवल अहंकार के नशे में चूर है, बल्कि उसे अपने अंतरराष्ट्रीय मान-सम्मान की भी कहीं कोई चिंता नहीं, इसलिए भारत को दुनिया के प्रमुख राष्ट्रों को यह समझाना होगा कि वह केवल निंदा-भर्त्सना से सही राह पर आने वाला नहीं है। आखिर यह एक तथ्य है कि सभी प्रमुख देशों की ओर से उसके उद्दंड रवैये की निंदा की जा रही है, फिर भी उसकी सेहत पर कोई असर पड़ता नही दिख रहा है। चीनी एप्स पर यह %स्ट्राइक हमारी सीमा में घुसी चीनी सेना को वापस लौटने पर कितना मजबूर करेगी, कहना मुश्किल है, लेकिन इससे चीन थोड़ा चिंतित जरूर हुआ है। उसने चेतावनी दी है कि राष्ट्रवादी तरीकों से चीन को झुकाया नहीं जा सकता। उसने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की दुहाई भी दी है। समझने की बात यह भी है कि चीनी एप्स पर रोक से चीन को वास्तव में कितना नुकसान होगा, होगा भी या नहीं, खुद भारत पर इसका क्या असर होगा, और क्या यह चीन की सैनिक दबंगई के मुकाबिल हमारे पास लोकल व स्वदेशी का हथियार है? क्या हम इस हथियार से चीन को उसके महत्वाकांक्षी वन बेल्ट-वन रोड' परियोजना पर आगे बढने् से रोक पाएंगे? क्या इस डिजिटल स्ट्राइक का सकारात्मक असर डिजिटल राष्ट्रवाद के विस्तार में होगा?

# सामाजिक समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत रविदास

**(संत रविदास जयंती पर विशेष)**

**डॉ अशोक कुमार भार्गव, आईएएस**

सामाजिक समरसता के आध्यात्मिक उपासक संत शिरोमणि रविदासजी का जीवन संघर्षों और चुनौतियों की महागाथा है। जहां उन्हें जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत पग-पग पर प्रताड़ना, यातना, अपमान, तिरस्कार, उपेक्षा और हैय दृष्टि का व्यवहार अनुभूत हुआ। शूद्र होने के कारण विभिन्न प्रकार की सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक निर्योग्यताओं से संघर्ष करते हुए संत रविदास ने मानवीय गरिमा को सही अर्थों में समझा और अस्पृश्य समाज को समझाते हुए कहा कि तुम हिंदू जाति के अभिन्न अंग हो तुम्हें शोषित पीड़ित और दलित जीवन जीने की अपेक्षा मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत रहना चाहिए। संत रविदास का जन्म भारत में जिस काल में हुआ उस समय समाज का स्वरूप अत्यंत विक्षुब्ध, अशांत और संघर्षमय था। आततायियों के आक्रमणों के कारण समाज किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में था। छोटी-छोटी रियासतों में विभक्त भारतीय रियासतें मिथ्या दंभ और अभिमान में एक दूसरे से युद्ध कर रहीं थीं। जर्जर सामाजिक ढांचा रूढ़ियों, प्रथाओं, अंधविश्वासों, मिथ्या आचरणों, आडंबरों और पाखंडो से सराबोर था। छुआछूत और अस्पृश्यता के अवैज्ञानिक और औचित्यहीन अभिशाप का टीका समाज के माथे पर अदृश्य तथा अमिट स्याही से लगाया गया था। जहां आपसी विभेद, वर्ग भेद, जातिभेद, गैर बराबरी, सामाजिक अन्याय और अंतः संघर्ष की पराकाष्ठा समाज की सेहत को प्रदूषित कर रही थी।

हिंदू समाज के सवर्णों ने समाज के अन्त्यज वर्ग को मानव अधिकारों से वंचित किया। उन्हें पशु से भी बदतर स्थिति में रखा। ऐसी विषम स्थिति में प्रबुद्ध संत समाज द्वारा पुनर्जागरण का सजीव आंदोलन प्रारंभ हुआ। जिसमें संत रविदास का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। तथापि उनके समग्र आध्यात्मिक अवदान का अभी सही मूल्यांकन नहीं हो सका है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विराट करिश्माई और चमत्कारी घटनाओं से परिपूर्ण था। उन्होंने तत्कालीन समाज की वेदना, पीड़ा और मर्म को समझा और उसके व्यावहारिक समाधान जन भाषा में प्रतिपादित किए। उनकी वाणी में लोक कल्याण का स्वर प्रमुखता से व्यक्त हुआ। वह उन संतों में नहीं थे जो गुफाओं में बैठकर केवल आत्म कल्याण के लिए स्वांतः सुखाय साधना करें। उनका दर्शन पलायनवादी नहीं था। उनकी दृष्टि में वही व्यक्ति साधु है जिसने सतरुपी परम तत्व को अनुभूत कर अपने व्यक्तित्व से ऊपर उठकर उसके साथ तादात्म्य स्थापित कर लिया हो और जिनके कार्यों से लोक कल्याण की पवित्र धारा प्रवाहित होती हो। संत रविदास का चिंतन आत्मोन्नति सहित परमात्मा के मिलन को साध्य मानकर लोकमंगल की कामना करता है। ईश्वरोन्मुख तो कोई भी व्यक्ति हो सकता है किंतु उसके जीवन में कर्मकांड रहित निर्मल प्रेम और भक्ति का ईश्वर की सहज अनुभूति का दिव्य स्वरूप होना चाहिए।

दीनता और विनम्रता की साक्षात प्रतिमूर्ति संत रविदासजी की आध्यात्मिक चेतना सबका मंगल, सदा मंगल और मंगल ही मंगल का उद्घोष करती है जो मनुष्य को जन्म से नहीं वरन सत्कर्म और आध्यात्मिक उपलब्धियों से बड़ा मानती है। उनकी उदार मानवीय दृष्टि दैवी संपदा से युक्त स्फटिक की भांति प्रांजल और वास्तविक अर्थ में चिरप्रणम्य है।

संत रविदास ने धर्म अथवा साधना की कोई शास्त्रीय व्याख्या प्रस्तुत नहीं की किंतु सामाजिक व्यवस्था को विकृत करने वाले छुआछूत, ऊंच-नीच, भेदभाव, अन्याय, शोषण और अनाचार का प्रबल विरोध करते हुए धर्म के नाम पर की जाने वाली हिंसा, मिथ्याआडंबरों, अंधविश्वासों, मूल्यहीन परंपराओं की कटु आलोचना की। यद्यपि उनकी आलोचना में किसी प्रकार की वक्रता, उलझन, अटपटापन, कर्मकांड और ज्ञान के दिखावे का दंभ नहीं है और ना ही वर्ण तथा जाति भेद का बंधन है। रविदासजी ने समाज की प्रगति और समरसता को अवरुद्ध करने वाली अस्पृश्यता की विकृति जिसका कोई शास्त्रीय आधार नहीं है, विनम्रता पूर्वक विरोध कर समतावादी समाज की स्थापना पर बल दिया जहां किसी प्रकार की छुआछूत, जातीय भेदभाव, गैर बराबरी



और सांप्रदायिक विद्वेष की भावना नहीं हो। संत रविदास ने तत्कालीन सामाजिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान उन्मुक्त भाव से व्यक्त करते हुए किसी संप्रदाय का विरोध नहीं किया। वरन उनकी अंतरात्मा को जागृत कर पारस्परिक सद्भाव और बंधुता का संदेश दिया। ÷कृस्न, करीम, राम, हरि, राघव, जब लग एक न पेखा। वेद कतेब कुरान, पुरानन, सहज एक नहिं देखा।।÷

संत रविदास का जन्म वाराणसी में संवत 1456 को एक निर्धन चर्मकार परिवार में हुआ था। पिता रघु जी जूते गांठने का काम करते थे। रविदासजी बचपन से ही आध्यात्मिक और उदार प्रवृत्ति के थे। उनका कहना था कि सच्ची साधना मनोनिग्रह है। इंद्रियों का दास बने रहने पर भौतिक संपदा पतन का कारण बनती है। परोपकार की निर्मल भावनाओं के पक्षधर रविदासजी कहते थे कि सामर्थ्य वाले लोगों को अपनी संपदा में दूसरे अभावग्रस्तों को भी भागीदार बनाना चाहिए अन्यथा संग्रह किया हुआ अनावश्यक धन विपत्ति का रूप धारण कर लेता है। वे प्रतिदिन अपने हाथ से बनाए एक जोड़े जूते जरूरतमंदों को बिना किसी भेदभाव के दान किया करते थे। लेकिन पिता को यह उदारता पसंद नहीं थी। उन्हें घर से पृथक कर दिया किंतु रविदासजी को इस बात का कोई मलाल नहीं रहा और मनोयोग पूर्वक बढ़िया जूते बनाने के काम को ही पूजा मानकर निरंतर करते रहे। संत रविदास की साधना और अन्यन भक्ति भावना की श्रेष्ठता के कारण काशी राज् दंपत्ति तथा चित्तौड़ की झाली रानी और भक्त मीराबाई ने स्वप्रेरणा से बिना किसी दबाव के उन्हें अपना गुरु बनाने का सौभाग्य प्राप्त किया जो तत्कालीन समाज में संत रविदास की एक असाधारण, अपूर्व और अत्यंत अविरल उपलब्धि थी जिसके कारण वह लोक नायक के रूप में समाज में श्रद्धा और आस्था के प्रतीक बन गए थे।

भक्तमाल में नाभादास ने रामानंद के शिष्य रविदास की विमल वाणी को संशय और संदेह की ग्रंथि को खोलने में सक्षम माना है। रविदास के समकालीन अनेक संतों ने उनकी प्रशंसा की। संत कबीर ने कहा साधुन में रविदास संत हैं। सिखों के धर्म ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में भी संत रविदास के 40 पद सम्मान के साथ सम्मिलित किए गए। वे कहते थे यदि उंचा बनना चाहते हो तो बड़े कर्म करो। जाति से महानता नहीं मिलती जो लोग जात-पांत के आधार पर ऊंच-नीच का भेदभाव करते हैं। वे ईश्वर के प्यारे नहीं हो सकते क्योंकि ईश्वर ने सभी को बनाया है। संत रविदास की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी किंतु वे स्वाभिमानी थे। उनकी सहायता करने के उद्देश्य से एक साधु पारस मणि जिसके स्पर्श से लोहा भी सोना बन जाता है लेकर उनकी कुटिया पर आए किंतु रविदासजी ने वह पारस मणि लेने से नम्रता पूर्वक इंकार कर दिया।

## खुद को दूसरों से श्रेष्ठ मानकर अहंकार न करें

ईश्वर ने जब संसार की रचना की तब उसने सभी जीवों में एक समान रक्त का संचार किया। इसलिए मनुष्य हो अथवा पशु सभी के शरीर में बह रहा खून का रंग लाल है। विभिन्न योनियों की रचना भी इसलिए की ताकि मनुष्य कभी इस बात का अहंकार न करें कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है क्योंकि जीवन और मरण के चक्र में कौन कब किस योनि में जाएगा यह किसी को पता नहीं। समानता के पीछे ईश्वर की यही इच्छा थी कि संसार में आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे, लोगों में छोटे अथवा बड़े का भेद पैदा नहीं हो। लेकिन समय के साथ मनुष्य की बौद्धिक क्षमता बढ़ती गयी किन्तु व्यवहारिक ज्ञान का लोप होता चला गया। मनुष्य ईश्वर की इच्छा को समझ नहीं पाया और आपस में भेद-भाव करने लगा। शास्त्रों में लिखा है कि जो ईश्वर की इच्छा का सम्मान नहीं करता है ईश्वर उससे नाराज होते हैं परिणामस्वरूप व्यक्ति का पतन हो जाता है। एक कथा इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। महाभारत युद्ध के बाद काफी समय तक पांचों पाण्डवों ने कुशलता पूर्वक शासन करते हुए राज सुख का आनंद लिया। इसके बाद अपने उत्तराधिकारी को शासन का कार्य भार सौंप कर सभी ने सशरीर स्वर्ग की ओर प्रस्थान करने की योजना बनायी। निश्चित समय पर द्रौपदी समेत पांचों पाण्डव स्वर्ग की यात्रा पर निकल पड़े। मार्ग में उन्हें एक काला कुत्ता मिला। कुत्ता भी इनके पीछे-पीछे चल पड़ा। युधिष्ठर को छोड़कर सभी भाई एवं द्रौपदी को यह अच्छा नहीं लगा कि कुत्ता उनके साथ सशरीर स्वर्ग प्राप्त करे। सभी भाईयों ने कुत्ते को धक्का देकर पर्वत से नीचे गिराना चाहा। लेकिन, कुत्ता पर्वत से नहीं गिरा बल्कि बारी-बारी से सभी भाई और द्रौपदी पर्वत से गिर पड़े और सशरीर स्वर्ग नहीं पहुंच पाये। युधिष्ठर के पीछे-पीछे कुत्ता चलता रहा लेकिन युधिष्ठर ने इसका एतराज नहीं किया। स्वर्ग के पास पहुंचने पर एक विमान सामने नज़र आया। युधिष्ठर इसमें बैठ गये तो कुत्ता भी साथ में आकर बैठ गया, इस पर भी युधिष्ठर ने एतराज नहीं किया। युधिष्ठर की दयालुता और समानता के भाव को देखकर कुत्ता बनकर साथ में चल रहे धर्मराज अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गये और युधिष्ठर से कहा कि वास्तव में तुम धर्म के प्रतीक हो और तुम सशरीर स्वर्ग में प्रवेश करने की योग्यता रखते हुए। इस तरह समानता के भाव की वजह से युधिष्ठर सशरीर स्वर्ग में स्थान प्राप्त करने में सफल हुए और असमानता का भाव रखने वाले शेष पाण्डव अपने उद्देश्य में असफल हुए। पाण्डवों के स्वर्गारोहन की कथा का उल्लेख शास्त्रों में किया गया है। बद्रीनाथ धाम से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर माणा गांव है।

## समाज सुधारक थे संत रविदास!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

परमात्मा भी जब जब धरा पर पाप बढ़ते है तो भारत मे ही साधारण तन में आकर जगत का कल्याण करते है।अवतरित संतो में एक महान संत हुए है गुरु रविदास जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट सीर गोबर्धनगाँव में हुआ था। इनकी माता कलसा देवी व पिता संतोख दास थे,बहुत ही गरीबी में अपना जीवन यापन करते थे।लेकिन एक सरपंच के रूप में उनकी बहुत ख्याति भी थी।गुरु रविदास का जन्म सन1376-77 के आस पास हुआ था, ऐसा बताते है कुछ लोग सन 1399 में तो कुछ दस्तावेजों के अनुसार संत रविदास ने सन1450 से 1520 के बीच अपना जीवन इस धरा पर बिताया ।

गुरु रविदास के पिता जूते बनाने व पुराने जुते ठीक करने का काम करते थे। रविदास बचपन में बहुत कुशाग्र व भगवान् को मानने वाले एक अच्छे बालक रहे। उन्हें उच्च कुल वालों के कारण हीन भावना का शिकार होना पड़ता था, गुरु रविदास ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया, वे अपनी रचनाओं में अच्छे जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे।लोगों को शिक्षा भी देते थे कि व्यक्ति को बिना भेदभाव के सबसे अपने समान प्रेम करना चाहिए। रविदास ने गुरु पंडित शारदा नन्द की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। पंडित शारदा नन्द ने रविदास की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें भगवान द्वारा भेजा हुआ एक बच्चा बताया और उन्हें शिक्षा दी। रविदास एक प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे, उनके गुरु जितना उन्हें पढ़ाते थे, उससे ज्यादा वे अपनी समझ से शिक्षा गृहण कर लेते थे।पंडित शारदा नन्द अपने शिष्य रविदास से बहुत खुश रहते थे, उनके आचरण और प्रतिभा को देख वे सोचा करते थे कि रविदास एक दिन उच्चकोटि का आध्यात्मिक गुरु और महान समाज सुधारक बनेगा।उनके गुरु की यह सोच संत रविदास के प्रतिष्ठित होने पर चरितार्थ भी हुई।



रविदास के साथ पाठशाला में पंडित शारदा नन्द का बेटा भी पढ़ता था, वे दोनों अच्छे मित्र थे। एक बार वे दोनों छुपन छुपाई का खेल रहे थे,रात हो जाने पर बच्चों ने अगले दिन फिर से खेलना तय किया। दुसरे दिन सुबह रविदास खेलने के लिए आ गए लेकिन उनका गुरुभाई मित्र नहीं आया। तब वे उसके घर गए तो पता चला कि रात को उनके मित्र की मृत्यु हो गई थी। यह पता चलते ही शोक में डूबकर रविदास सुन्न हो गए है, तब उनके गुरु शारदा नन्द उन्हें मृत मित्र के पास ले गए रविदास अपने मृत मित्र से कहते है कि ये सोने का समय नहीं है, उठो और मेरे साथ खेलो।यह सुनते ही उनका मृत मित्र पुनः जीवित होकर खड़ा हो गया। जिससे हर कोई अचंभित हो गया ।रविदास जैसे जैसे बड़े हुए भगवान राम के रूप के प्रति उनकी भक्ति बढ़ती गई। वे हमेशा राम, रघुनाथ, राजाराम चन्द्र, कृष्णा, हरी, गोविन्द आदि शब्दो का उपयोग करते थे,जो उनके धार्मिक होने का प्रमाण है।संत रविदास उस समय की कृष्ण भक्त मीरा बाई के धार्मिक गुरु भी थे। मीरा बाई राजस्थान के राजा की बेटी और चित्तोर की रानी थी। वे रविदास की शिक्षा से बहुत प्रभावित थी और वे रविदास की एक बड़ी अनुयायी बन गई । मीरा बाई ने अपने गुरु के सम्मान में कुछ पक्तियां भी लिखी थी, 'गुरु मिलया रविदास जी..' । मीरा बाई अपने दादा के साथ रविदास से मिलती रहती थी।एक दिन बार संत रविदास अपनी कुटिया में बैठे प्रभु स्मरण के साथ अपना कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण उनकी कुटिया पर आया और उनसे बोला कि वह गंगा स्नान करने जा रहा है, रास्ते में आपकी कुटिया दिखाई दी तो दर्शन करने चला आया। रविदास ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगा तट पहुंचा और स्नान करके जैसे ही रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा।

# चुनाव पूर्व 'पी एम' व 'सी एम' का चेहरा घोषित करना कितना उचित ?

### सूडोकु नवताल- 5984

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5983 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

**निर्मल रानी**

भारतीय संविधान के अनुसार जो भी व्यक्ति चुनवोपरांत बहुमत प्राप्त संसदीय दल के सदस्यों द्वारा अपना नेता चुना जाता है राष्ट्रपति द्वारा वही व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री मनोनीत कर दिया जाता है। चाहे वह लोकसभा अथवा राज्यसभा में से किसी भी सदन का सदस्य हो अथवा न हो। यदि प्रधानमंत्री नामित व्यक्ति किसी सदन का सदस्य नहीं है तो उसे छः महीने के भीतर दोनों में से किसी एक सदन का सदस्य बनना लाज़िमी है। ठीक इसी प्रकार विधान सभाओं में भी बहुमत प्राप्त दल द्वारा निर्वाचित विधान मंडल दल के नेता को राज्यपाल मुख्यमंत्री मनोनीत करते हैं और उससे ही अपना मंत्रिमंडल गठित करने की सिफ़ारिश करते हैं। यहाँ भी मुख्यमंत्री मनोनीत होने के समय किसी व्यक्ति का विधान सभा अथवा विधान परिषद का सदस्य होना कोई ज़रूरी तो नहीं परन्तु उसे भी मुख्यमंत्री की शपथ लेने के छः माह के अंदर विधान सभा/परिषद् का सदस्य बनना ज़रूरी है। इस संवैधानिक व्यवस्था से एक बात तो स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री हो अथवा मुख्यमंत्री दोनों का ही चुनाव निर्वाचित लोकसभा अथवा विधानसभा के बहुमत प्राप्त दल के सदस्यों द्वारा चुनावोपरांत ही किया जाता है। और देश अथवा राज्य को प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति का नाम संसदीय अथवा विधान मंडल दल द्वारा अपना नेता चुनने की कार्रवाई के पूरा होने के बाद ही पता चलता है। परन्तु अब प्रायः यह देखा जाने लगा है कि अधिकांश दल अपने



प्रस्तावित प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री के %चेहरे % को जनता के सामने चुनाव से पहले ही पेश कर चुनाव मैदान में उतरते हैं। इतना ही नहीं बल्कि यह भी देखा गया है कि यदि लोकसभा अथवा विधान सभा में कोई व्यक्ति चुनाव हार जाता है उसके बावजूद पार्टी पराजित नेता के राजनैतिक क़द को देखते हुये अथवा उसकी उपयोगिता को महसूस करते हुये उसे राजयसभा अथवा विधानपरिषद के माध्यम से सदन का सदस्य बनाकर उसे मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण पदों से नवाज़ती है। इसका सीधा अर्थ यह है कि जिस नेता को जनता ने नकार दिया है उसे पार्टी जबरन जनता पर थोपने का प्रयास कर रही है। जिसे जनता ने नकारा और पराजित किया उसे मंत्रिमंडल में शामिल करना यह मतदाताओं की राय का अपमान है अथवा नहीं।

इसी प्रकार विभिन्न दलों के कुछ प्रमुख नेता दो दो चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ते नज़र आते हैं। ऐसा करने का एक ही मक़सद होता है कि बिना कोई ज़ोख़िम उठाये हुये वे हर हाल में निर्वाचित होना चाहते हैं। अब यदि वे एक जगह से चुनाव जीत गये और दूसरे क्षेत्र से पराजित हो गये फिर तो ठीक है। और यदि दोनों ही जगहों से विजयी हो गये तो दोनों में से कोई एक सीट से वह सांसद अथवा विधायक बना रह सकता है जबकि दूसरी विजयी सीट से उसे त्यागपत्र देना पड़ता है। यानी एक व्यक्ति एक ही समय में दो सीटों से निर्वाचित होकर किसी सदन का सदस्य नहीं रह सकता। तभी उसे एक सीट से त्याग पत्र देना होता है। और चुनाव आयोग को छः महीने के अंदर उस रिक्त की गयी सीट पर उपचुनाव कराना पड़ता है। ज़ाहिर है उस रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव का ख़र्च भी जनता को ही अपने टैक्स के पैसों से भरना पड़ता है। आख़िर इस %एक्सरसाइज़% में जनता का क्या दोष है जिसका भुगतान उसे करना पड़ता है ?

राजनेताओं के इस तरह के सुविधाजनक प्रयास भले ही संवैधानिक व्यवस्थाओं के नाम पर क्यों न किये जाते हों परन्तु नैतिकता की दृष्टि से यह क़तई मुनासिब नहीं लगते। पी एम व सी एम के चेहरे को चुनाव पूर्व घोषित करने की परंपरा तो अब इतनी सामान्य होती जा रही है कि यदि कोई दल चुनाव पूर्व अपने पी एम- सी एम पद के दावेदार का नाम घोषित नहीं करता तो उसके विरोधी दल उसकी कमज़ोरी बताते हैं। यह प्रचारित करते हैं कि अमुक दल के पास कोई लोकप्रिय चेहरा ही नहीं है तभी वह अपना दावेदार घोषित नहीं कर पा रहा। जबकि संवैधानिक दृष्टिकोण से ऐसा करना ज़रूरी नहीं है।

## पाकिस्तान में बुतपरस्ती क्यों?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

हमारे पड़ौसी देशों की एक बड़ी खूबी है। वह यह कि जब भी वहाँ की सत्तारुढ़ पार्टियाँ और नेताओं को अपनी कुर्सी के लाले पड़ने लगते हैं, उन्हें भारत की याद आ जाती है। भारत ही उन्हें जनता के गुस्से से बचा पाता है। होता यह है कि वे कोई न कोई ऐसा बहाना ढूंढ निकालते हैं, जो उन्हें भारत के विरुद्ध ज़हर उगलने के लिए तैयार कर देता है। यह प्रवृत्ति हम नेपाल, श्रीलंका और मालदीव- जैसे पड़ौसी मित्र-राष्ट्रों में कई बार देख चुके हैं लेकिन पाकिस्तान में तो यह नेताओं का ब्रह्मास्त्र है। अब आजकल इमरान खान बिना किसी कारण ही आए दिन भारत पर आक्रमण करते रहते हैं। कश्मीर की धारा 370 को लेकर कभी इस्लामाबाद और कभी न्यूयार्क में संयुक्तराष्ट्र संघ के मंच पर ऐसे बयान दिए जाते हैं, जैसे कि वह धारा भारत के एक प्रांत से नहीं, पाकिस्तान से ही हटाई गई है। हिजाब के सवाल को लेकर भारत की इस्लामी संस्थाएं और मौलाना वगैरह काफी संजीदा रुख अपनाए हुए हैं लेकिन पाकिस्तान के नेताओं ने भारत पर जबर्दस्त बम-वर्षा की है। उन्हें चाहिए था कि वे पाकिस्तान को जिन्ना के सपनों का एक आदर्श इस्लामी राज्य बना देते और पाकिस्तानी मुसलमानों को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मुसलमान कहलवा देते लेकिन हुआ क्या? इस्लाम के नाम पर बना दुनिया का यह एक मात्र राष्ट्र अपने आप को डेढ़ हजार साल पुरानी अरबों की बासी परंपराओं में घसीट कर ले जा रहा है। अगर हिजाब इस्लाम का अनिवार्य पहनावा है तो बेनज़ीर भुट्टो को तो मैंने कभी हिजाब या बुर्का पहने हुए नहीं देखा। वे मुझसे दुबई, लंदन, लाहौर और दिल्ली में कई बार मिली हैं। मियां नवाज़ शरीफ की बेटी मरियम बड़ी-बड़ी जनसभाओं में क्या हिजाब पहनकर भाषण देती हैं? क्या बेनज़ीर और मरियम मुसलमान नहीं हैं? क्या पाकिस्तान की फिल्मों में सारी हिरोइनें हिजाब पहने रहती हैं? पाकिस्तान के नेताओं को हिजाब या बेहिजाब से कोई परेशानी नहीं है। वे तो बस भारत-विरोध का बहाना ढूंढते रहते हैं। वैसे इमरान खान खुद काफी प्रगतिशील मुसलमान हैं लेकिन आजकल उनकी दाल थोड़ी पतली हो रही है। उनकी पार्टी से यदि दो अन्य पार्टियों के 12 सांसदों का समर्थन हट जाए तो 342 सदस्यों की संसद में उनकी सरकार गिर सकती है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पहले ही बहुत खराब है। अमेरिका उसे कांटे से भी छूने के लिए तैयार नहीं है। इमरान अब चीन के बाद रूस की शरण में जाने को तैयार हैं। पाकिस्तान में श्रीलंका के नागरिक प्रियंतकुमार की तौहीन-कुरान के नाम पर जिस तरह हत्या की गई।

# नूराबाद पुलिस ने लूट करने वाले दो बदमाशों को दबोचा





## -13 फरवरी को शेरपुर गांव के पास दिया था लूट को अंजाम

**मुरैना।** विजयपुर के गांव से अपने भाई के साथ मायके कुलैथ जाने के दौरान, वहीं से लुटेरे पीछे लग गए और जौरा तक पीछा किया तथा फिर नूराबाद थाना क्षेत्र के शेरपुर मोड़ पर लूट की वारदात को अंजाम देकर युवती के सोने के आभूषण लूटकर भाग निकले। पीड़ित युवती के परिजनों ने कड़ी मशक्कत कर बदमाशों को खूब परेशान किया, लेकिन वह वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। वहीं पुलिस ने भी कड़ी मशक्कत करते हुए 48 घंटे के अंदर दो आरोपियों को माल सहित पकड़ लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच रमेश सिंह यादव की भानजी कल्पना यादव जो कि श्योपुर जिले के विजयपुर के पास रहती हैं। 12 फरवरी को बाइक से अपने भाई के साथ ग्वालियर जिले में पढ़ने वाले कुलैथ गांव जा रही थी। परिजनों के मुताबिक बदमाश दो तीन बाइकों से विजयपुर से ही पीछे लगे थे और लगातार पीछा कर रहे थे। लड़की के भाई को शक हुआ तो उसने जौरा में बाइक रोक दी और रिश्तेदार के यहां चलने को कहा। इस दौरान बदमाश इधर-उधर हो गए, जब वह नहीं दिखे तो फिर से वह गांव के लिए निकल पड़े, लेकिन फिर से वह बदमाश टकरा गए और उनका पीछा करने लगे। आखिरकार बदमाशों ने शेरपुर मोड़ पर कल्पना की साड़ी खींच ली, जिस कारण बाइक रोकनी पड़ी और कट्टा दिखाकर बदमाश कान के बाला, मंगलसूत्र एवं हार लूट कर ले गए। कल्पना के साथ उसके भाई ने तत्काल अपने रिश्तेदारी वाले गांव में लूट की खबर दी तो ग्रामीण सक्रिय हो गए। सूचना मिलते ही नूराबाद पुलिस की कई टीमें भी बदमाशों को तलाशने में जुट गई, लेकिन बदमाश खेतों में खड़ी सरसों का लाभ उठाकर भाग निकले। उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने गंभीरता से लिया और एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश देते हुए बदमाशों पर 10000 रूपए का ईनाम घोषित किया। घटना के बाद से ही पुलिस टीम ने बदमाशों को पानी में जुट गई तथा 48 घंटे की मेहनत के बाद आखिरकार पुलिस ने 2 बदमाशों को दबोच लिया और उनके कब्जे से 315 बोर का कट्टा एवं दो जिंदा राउंड जप्त किए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया कल्पना यादव का सामान भी बरामद कर लिया है और उनका जुलूस भी निकाला वही पूर्व सरपंच ने पुलिस अधीक्षक का साफा पहना कर सम्मान किया है।



## जनजातीय कार्य विभाग की प्रमुख सचिव पल्लवी जैन ने कन्या छात्रावासों का किया औचक निरीक्षण

**मुरैना।** जनजातीय कार्य विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन ने सोमवार को मुरैना पहुंचकर अनुसूचित जाति शासकीय कन्या महाविद्यालय छात्रावास, संभागीय ज्ञानोदय छात्रावास महाराजपुर, शासकीय जूनियर कन्या छात्रावास नैनागढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास नैनागढ़ में छात्राओं की संख्या कम पायी गई। प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन ने छात्राओं की संख्या कम होने पर असंतोष व्यक्त किया और वार्डन श्रीमती ममता जारौलिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्रावास की संख्या 50 के अनुपात में मात्र 4 लड़कियां उपस्थित पायी गई। श्रीमती पल्लवी जैन ने अनुसूचित जाति शासकीय महाविद्यालय कन्या 5वीं बटालियन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर भी लड़कियों की संख्या कम पाई गई। किन्तु उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई, छात्रवृत्ति, रूम, किचिन, मिलने वाले भोजन आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्रीमती जैन ने कु. रीना बसंल, कु. पूनम, कु. मंजू सेमिल और कु. भारती से पढ़ाई का स्तर परखा। भ्रमण के समय प्रभारी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक मुकेश पालीवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नव युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**मुरैना।** सिटी कोतवाली अंतर्गत गांधी कॉलोनी में रहने वाले एक नवयुवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। चर्चा है कि युवक ने आत्महत्या प्रेम प्रसंग के चलते की है, फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पीएम करा कर मर्ग कायम कर लिया है और जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज शर्मा पुत्र हेमन्त शर्मा 19 निवासी गांधी कॉलोनी सराफा बाजार स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर नौकरी करता है।

# जिसकी विषम परिस्थिती में भी आशक्ति प्रभु में रहे, वही सच्चा सुदामा है: आचार्य गोवर्धनेश


**मुरैना।** पुष्टि माधुर्य महोत्सव के दौरान युवा वैष्णवाचार्य गोवर्धनेश ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण में जिसकी विषम परिस्थिति में भी आशक्ति बनी रहे, सच्चा सुदामा वही है। भगवान कृष्ण के बाल सखा और गरीब ब्राम्हण के सांसारिक जीवन में अनेक संकट आए, लेकिन वे कभी भगवान कृष्ण की भक्ति से भटके नहीं और यही कारण है कि भगवान ने उन्हें अपने से अलग नहीं होने दिया। बल्कि उन पर अपना सर्वश्व न्योछावर कर दिया। कथा में गोपी उद्धव प्रसंग, सुदर्शन सर्प मुक्ति का प्रसंग और कंश वध लीला आदि का सरस वर्णन किया। श्रीमद भागवत कथा में आचार्य गोवर्धनेश ने भगवान कृष्ण की अनन्य भक्ति के बारे में बताते हुए गोपी उद्धव संवाद का वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भाव विहोर हो गए। गोपी उद्धव संवाद में श्रीमद भागवत के विरह गीत का व्याख्यान करते हुए गोपियों का कृष्ण के प्रति जो प्रेम है और उद्धव को जो मिथ्या ज्ञान था। उससे गोपी गीत और विरह गीत के वर्णन के बाद कृष्ण के प्रेम और भक्ति का वास्तविक ज्ञान कराया। इसके बाद मथुरा गमन, कृष्ण वध लीला और सुदामा चरित्र की कथा संपादित की। आचार्य ने बताया संसार में सब कुछ प्रभु का अंश है, इसलिए मनुष्य को मान अभिमान से रहित राग द्वेष से मुक्त होकर प्रभु की सच्ची भक्ति करनी चाहिए। आपने प्रव्रत्ति और निवृत्ति धर्म की व्याख्या की। साथ ही कलयुग का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत स्मरण ही कलयुग में जीव के उद्धार का माध्यम होगा। महाराज दामोदर लाल जी, युवा आचार्य श्री हरिराय ने भी अपने वचनाम्रत किए। इसके बाद आचर्य ने मंदिर निर्माण में लगे समस्त वैष्णवों को सम्मानित किया।



## विवेकानंद प्रतिमा की स्थापना में विलंब को लेकर एबीवीपी ने सीएमओ का पुतला जलाया



**कैलारस।** एबीवीपी नगर इकाई कैलारस ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में हो रही लापरवाही को लेकर अभाविप के कई बार निवेदन करने, ज्ञापन देने, रिमाइंडर कराने के वावजूद भी नगरपालिका परिषद की तरफ से निष्क्रियता दिखाने की वजह से सीएमओ अतरसिंह रावत का पुतला इकाई सहमंत्री वेद शर्मा के नेतृत्व में जलाया गया। इस पुतला दहन से अभाविप ने प्रशासन को चेतना जागृत करने का प्रयास किया। साथ ही विद्यार्थी परिषद ने ये चेतावनी भी दी कि अगर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा से सम्बंधित उचित कार्यवाही आने वाले दो दिनों में पूरी नही की जाती है तो विद्यार्थी परिषद अगले स्तर पर नगरपालिका परिषद का घेराव और सीएमओ का पुतला आने वाले शुक्रवार को सेकडों छात्रों के साथ जलायेगी। इस आंदोलन में नगर अध्यक्ष अरुण शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष गर्ग, दुर्गेश शाक्य, सहमंत्री वेद शर्मा, विक्रम सिकरवार, अनिल शर्मा, पवन गोयल, योगेंद्र सिकरवार, मनीष त्यागी, ज्ञानेन्द्र त्यागी, लवेंद्र यादव, सूरज पाराशर आदि सहित सेकडों छात्र व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## टोल टैक्स पर दिमनी विधायक समर्थकों ने की तोड़फोड़, विधायक ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

### काफी देर तक छौंदा गांव कट पर मचा बवाल, सीसीटीवी एवं फास्टेग तोड़ने का आरोप



**मुरैना।** ग्वालियर रोड स्थित छौंदा टोल टैक्स जब से स्थापित हुआ है, तभी से यहां पर आए दिन हाईप्रोफाइल झगड़े देखने को मिल रहे हैं और कई बार काफी खून खराबा भी हो चुका है। मंगलवार को फिर से यह टोल टैक्स सुर्खियों में छाया रहा, इस बार दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में उनके समर्थकों ने टोल टैक्स पर अपना वर्चस्व जमाने के लिए दिनदहाड़े हंगामा खड़ा कर दिया और सीसीटीवी कैमरे एवं फास्ट टेग वैरियर तोड़ दिए। इस हंगामे के दौरान काफी देर तक हाईवे पर मजमा लगा रहा और पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। अब दोनों ओर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। टोल इंचार्ज मैनेजर कटारे ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की दोपहर 12:16 बजे मुरैना की ओर से 6-7 गाड़ी स्कार्पियो, बोलेरो आदि आकर रुकी और उनमें दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर भी थे। उनके लोगों ने बिना किसी वजह के टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे एवं फास्टैग तोड़ डाले और हंगामा खड़ा कर दिया। श्री कटारे ने बताया कि विधायक व उनके समर्थकों के साथ कोई वाद-विवाद भी नहीं हुआ, फिर यह टैररबाजी किस लिए की गई, यह समझ में नहीं आ रहा। विधायक के समक्ष उनके लोगों द्वारा टोल पर हंगामा किए जाने से दहशत फैल गई और दोनों ओर वाहनों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और मामले को शांत किया। गौरतलब है कि टोल टैक्स पर आए दिन राजनीतिक लोगों द्वारा अवैध वसूली को लेकर कई बार हंगामा किया गया है।

# शहर के प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर को दिया जाएगा स्वनिधि योजना का लाभ: सोनाली

### -योजना अन्तर्गत शहर के चार हजार से अधिक पथ विक्रेता हो चुके है लाभान्वित

**मुरैना।** कोरोना काल के दौरान छोटे-छोटे व्यवसाय कर अपने परिवार का भरन पोषण करने वाले हाथ ठेला सब्जी, फल, फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने वाले पथ विक्रेताओं का व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी बिगड़ गई और जिससे उनके परिवार के भरण-पोषण में काफी दिक्कतें आने लगी। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्व निधि स्ट्रीट वेंडर योजना पूरे प्रदेश में लागू कर ऐसे पथ विक्रेता, जिनका कोरोना काल के दौरान व्यवसाय चौपट हो गया, उन्हें पुनः अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना अंतर्गत दस हजार का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे कि वह अपना व्यवसाय दोबारा से चालू कर सकें। संचनालय नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर के प्रत्येक स्ट्रीट वेंडरों को योजना के लाभ दिए जाने हेतु 15 फरवरी से 28 फरवरी के मध्य कैंप आयोजित कर शहर के सभी पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाया जाना है। मंगलवार को जीवाजी गंज स्थित टाउन हॉल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर निगम सहायक आयुक्त श्रीमती सोनाली नरेला ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स योजना शहरी पथ विक्रेताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। नगर निगम द्वारा अब तक चार हजार से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिया जा चुका है, जो पथ विक्रेता योजना का लाभ लेने से बचे हुए है, उन पथ विक्रेताओ चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाया जाना है। परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले में 11,000 हजार से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से जोड़कर लाभ दिया गया है और उन्हें अपने व्यवसाय को दोबारा चालू करने का सरकार द्वारा एक अवसर स्वरूप 10,000 हजार का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे कि वह अपने पैरों पर खड़े होकर अपना व्यवसाय दोबारा प्रारंभ कर सके। सिटी मिशन मैनेजर धनंजय सिंघई ने पथ विक्रेताओं को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें बैंक से दस हजार का लोन मिल गया है और लोन को समय पर चुकता कर देंगे, तो वह बीस हजार के लोन हेतु पात्र हो जायेंगे। एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर हर्षवर्धन ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना के माध्यम से आप बैंक में अपनी अच्छी क्रेडिट बना सकते हैं, यदि आप समय पर इस ऋण को चुकता करते हैं तो बैंक में आपकी अच्छी क्रेडिट बन जाएगी, जिससे कि बैंक आपको पचास हजार से लेकर एक लाख तक का लोन बड़ी आसानी से दे सकता है। शिविर में नगर निगम सहायक आयुक्त श्रीमती सोनाली नरेला जिला परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान, धनंजय सिंघई आनंद परमार, नितिन पाराशर, अभिषेक घुरैया सोनू, अमित शर्मा, विकास शर्मा एवं एचडीएफसी बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।



# ग्राम सामाजिक एनिमेटर ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर जिला मुख्यालय से है जहाँ ग्राम सामाजिक एनिमेटर (1ह्यड्ड) को मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत गठित मध्य प्रदेश संपरीक्षा समिति के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुसार सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु चयनित किया गया था मध्य प्रदेश के जिलों में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी वृहद स्तर पर हितग्राही मूलक केंद्रीय योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु नियुक्ति की गई थी। मध्य प्रदेश के प्रत्येक जनपद /ब्लॉक में सामाजिक एनिमेटर सोशल ऑडिट (सामाजिक अंकेक्षण) की नियमावली के तहत कार्यरत हैं लेकिन चयन होने के बाद उन्हें नियमित रूप से कार्य न मिलने के कारण ग्राम सामाजिक एनिमेटर (1ह्यड्ड)के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है संघ ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से इन मांगों के जल्द निराकरण की अपेक्षा जताई है ग्रामीण



विकास सामाजिक एनिमेटर संघ के जिलाध्यक्ष मयंक लक्षकार ने अपनी मांगों के बारे में बताया

1.सभी ग्राम सामाजिक एनिमेटर को पूरे वर्ष प्रतिमाह नियमित कार्य दिया जावे ।

2.सामाजिक अंकेक्षण का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे जो कि अभी नहीं किया जा रहा है। ।

3.ग्राम सामाजिक एनिमेटर कर्मचारी को निश्चित मासिक मानदेय प्रदान किया जावे तथा यात्रा भत्ता का भुगतान का प्रावधान किया जावे

4.ग्राम समपरीक्षा समिति के सदस्यों को सामाजिक अंकेक्षण सत्यापन अवधि का मानदेय नरेगा मजदूरी के हिसाब से प्रदान किया जाने का प्रावधान किया जावे

5.सामाजिक अंकेक्षण कार्य करने वाले ग्राम सामाजिक एनिमेटर सहित सभी कर्मचारियों को मेडिकल बीमा तथा टर्म इंश्योरेंस की सुविधा प्रदान की जावे

6.पंचायत से संबंधित अन्य योजनाओं का सोशल ऑडिट ग्राम सामाजिक एनिमेटर (1ह्यड्ड) के माध्यम से कराया जावे, ताकि ग्राम सामाजिक एनिमेटर की नियमित् कार्य मिल सके जिससे इनके परिवार की उदरपूरती आसानी से हो सके ।इसमें मयंक लक्षकार( जिला अध्यक्ष) सितारा बानू( जिला सचिव )पूजा खंगार (प्रदेश सचिव) प्रदीप शर्मा ( जिला कोषाध्यक्ष ) मुकेश धाकड़ ,रोशनी रजक ,मुरारी लाल गौतम ,विशाखा राजा चौहान ,उषा कुशवाह ,भारती कुशवाह, हसमुखी कुशवाह रजनी बाथम ,कृति गौतम ,पूनम राठौर ,वीर सिंह लोधी, सुमरन यादव ,प्रीति तिवारी, अनीता झा, अर्चना लोधी शिवानी ,सपना कुशवाहा, संगीता खटीक ,प्रेमत, विशाखा लोधी, कृष्णा, रानी बाथम, हिना बानो ,हेमलता खंगार, निशा जाटव ,संगीता, खटीक, प्रियंका शिवहरे आदि उपस्थित रहे।



## समर्पण निधि अभियान के संबंध में भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने ली बैठक

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

श्री कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर भाजपा के द्वारा समर्पण निधि अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी कार्यकर्ताओं से समर्पण निधि प्रदान करने के लिए आग्रह किया जा रहा है इसी संबंध में जिला भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे ने ककरहटी के ओम पैलेस में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परमार गुनौर गुनौर मंडल महामंत्री धर्मेंद्र अवधिया पूर्व मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र नगर ज्ञानेंद्र पाठक के साथ पहुंचकर नगर के भाजपा युवा कार्यकर्ताओं की बैठक ली और समर्पण निधि के संबंध में जानकारी लेते हुए विचार-विमर्श किया और सभी से आग्रह किया कि श्री कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर सभी कार्यकर्ता आत्मीयता के साथ समर्पण निधि स्वयं प्रदान करें इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष श्याम बिहारी कोरी पूर्ब नपा उपाध्यक्ष गजराज सिंह यादव भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत भार्गव युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष संजय पांडे बूथ अध्यक्ष आलोक तिवारी बूथ अध्यक्ष रविंद्र शर्मा घनश्याम गुप्ता गर्जन आदिवासी विष्णु ताम्रकार गोविंद रैकवार दीपचंद अवधिया मुन्ना कोरी पहलाद यादव शारदा प्रजापति आशीष बढोलिया अनुज पांडे सत्यम पांडे शिवम त्रिपाठी पीयूष पांडे योगेश पांडे नितिन पांडे सहित नगर युवा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी कैलाश त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

## मेहगांव में खाटू श्याम बाबा का सजा दरबार, जमकर झूमे बाबा के भक्त



***उमाकान्त शर्मा***
***दैनिक पुष्पांजली टुडे भिण्ड***

**भिण्ड।** मेहगांव नगर के मिश्रा मैरिज गार्डन में सोमवार को द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया, अखंड ज्योत, इत्र और पुष्प वर्षा, छप्पन भोग, अलौकिक शृंगार और श्री श्याम का अलौलिक दरबार सजाया गया। शाम को बाबा खाटू श्याम का कीर्तन का आयोजन हुआ, कीर्तन से पूर्व बाबा खाटू श्याम का विधि विधान के साथ पूजन किया गया और बाबा खाटू श्याम का दरबार फूलों से सजाया गया साथ ही बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद भी लगाया गया। कीर्तन में मेहगांव सहित कई अन्य नगरों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन लाभ लिये। श्याम संकीर्तन में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जिनको सुन भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। सोमवार रात्रि 8 बजे शुरू हुआ श्री श्याम संकीर्तन मंगलबार सुबह 5 बजे तक चला संकीर्तन के बाद खाटू श्याम की महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण की गई। श्याम संकीर्तन में ÷दीवाने खाटू वाले मण्डल मेहगांव÷ द्वारा भजन गायकों और बाहर से आए श्रद्धालुओं पर पुष्प, इत्र वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। श्याम हवेली ग्वालियर के श्याम अग्रवाल के मार्गदर्शन में दीवाने खाटू वाले मण्डल मेहगांव द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में सर्वप्रथम मुंबई से आई भजन गायिका नम्रता करवा ने भगवान श्री गणेश स्तुति करने के पश्चात खाटू श्याम भजनों की प्रस्तुति दी उसके बाद गुरुग्राम से आये भजन गायक नरेश सैनी और ग्वालियर के गायक अतुल पारीख ने बाबा श्याम के भजनों से शमां बाँधा, खाटू श्याम के भजनों पर महिला, पुरूष, युवा और बच्चे जमकर थिरके ऐसा लग रहा था जैसे मेहगांव नगर नहीं सभी लोग खाटू नगर में ही हैं। खाटू श्याम के साथ साथ हनुमानजी, शिवजी व मैयारानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई।

**श्री श्याम संकीर्तन से पहले निकाली शोभायात्रा-:** नगर में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन से पहले दीवाने खाटू वाले मण्डल मेहगांव ने नगर में शोभायात्रा निकाली, फूलों से सजी श्याम बाबा की झांकी, पुष्पबर्षा, इत्र बर्षा और डीजे पर खाटू श्याम के भजनों के साथ शोभायात्रा की शुरुआत वनखंडेश्वर मंदिर से शुरू होकर नगर में मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल मिश्रा मैरिज गार्डन पहुँची। नगर के लोगों ने जगह जगह पुष्पबर्षा कर बाबा श्याम की आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

# दतिया 50000 के ईनामी 05 फरारी बदमाश गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस कि ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

**संदीप प्रधान उप संपादक**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

20 -20 साल से फरार ,नाम बदल कर रह रहे स्थाई/ फरारी बदमाशों को ढूँढ- ढूँढ पहुँचाया सलाखों के पीछे ।जिले में फरारी तथा स्थाई वारंटीओं की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें थाना कोतवाली द्वारा लगातार विगत कई वर्षो से फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है



इसी कड़ी में आज कोतवाली थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा कि टीम ने 05 फरारी बदमाशो को पकड़ने में सफलता हासिल कि है प्रत्येक आरोपी कि गिरफ्तारी पर 10000 का ईनाम श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया द्वारा घोषित किया गया था

स्थाई वारंटी हीरालाल पुत्र दौलत अहिरवार निवासी जबेरा जिला दमोह जो 2017 से फरार था को जबेरा जिला दमोह से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ा गया स्थाई वारंटी बृजेश पुत्र मोहर सिंह पाल निवासी ग्राम महाराजपुरा थाना सिविल लाइन दतिया जो विगत 06 साल से फरार था को महाराजपुरा से गिरफ्तार किया गया

स्थाई वारंटी नंदराम अहिरवार पुत्र खिदे अहिरवार उम्र 78 साल निवासी रामनगर जिला दतिया तथा उसके बेटे दशरथ अहिरवार पुत्र नंदराम अहिरवार उम्र 45 साल निवासी रामनगर डेरा दतिया को रामनगर से कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया दोनों आरोपी विगत 08 साल से फरार थे ।

फरारी बदमाश महेंद्र पुत्र हरनाम सिंह यादव उम्र 42 साल निवासी ग्राम नुनवाह को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा झँसी से गिरफ्तार किया गया महेंद्र , दतिया के बदमाश कल्ला यादव का बड़ा भाई है विगत 05 वर्ष से फरार था ।

फरारी स्थाई वारंटीयो कि गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद शर्मा, उप निरीक्षक आकाश संसिया, प्रधान आरक्षक शिवकुमार राजावत ,प्रधान आरक्षक फिरोज खान ,आरक्षक ज्ञानेंद्र शर्मा, दिलीप प्रधान, गजेंद्र राजावत, लवकेश साहू की मुख्य भूमिका रहेगी

पुलिस थाना पिछोर को मिली बहुत बड़ी सफलता मोटर साइकिल टी व्ही एस अपाचे से अवैध शराब ले जा रहे आरोपी के कब्जे से दो कैन में कुल 56 लीटर देसी हाथ भट्टी की शराब व मोटरसाइकिल जप्त की ।आरोपी को गिरफ्तार किया ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन टीआई पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लगातार अवैध शराब पकड़ने का लगातार अभियान चला जा रहा है इसी तारतम्य दिनांक 15/ 2/22 को मुखबिर की सूचना पर की एक मोटर साइकिल से अवैध शराब लेकर विक्रय करने हिम्मतपुर आने वाला है । पुलिस थाना पिछोर की टीम ने हिम्मतपुर पुलिया पर चेकिंग लगाई। चेकिंग के दौरान अपाचे बिना नंबर मोटरसाइकिल रोक कर चेक किया गया तो उसमें 2 कैन में 56 लीटर देसी शराब हाथ भट्टी की मिली। मोटरसाइकिल चालक सौरभ राजानिवासी करार खेड़ा से शराब रखने व परिवहन करने का लाइसेंस चाहा तो नहीं होना पाया गया उक्त शराब व मोटर साइकिल थाना पिछोर के अपराध क्रमांक72/22 धारा 34(2 )आबकारी एक्ट में जब्त की व आरोपी सौरभ राजा निवासी ग्राम करार खेड़ा थाना पिछोर को गिरफ्तार किया । जब्त शराब की कीमत 5600 रुपए व मोटर साइकिल की कीमत 1,00,000 रुपये है । पुलिस थाना पिछोर टीम में उपनिरीक्षक बी एल दोहरे ,हुकुम सिंह मीणा , नितिन भार्गव , जूली तोमर सहायक उप निरीक्षक चरन सिंह मांझी , शैलेंद्र सिंह चौहान , प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव, घनश्याम सिंह परमार ,आरक्षक कमल मौर्य, हीरा मौर्य ,ब्रजेश राणा शामिल रहे।




# पुलवामा के शहीदों की स्मृति में 42 कि.मी. दौड़ सच्ची श्रृद्धांजलिः आईजी गिरीश कुमार

### सैनिकों की सहादत में यह दौड़ अभिनंदनीयः एसपी राजेश सिंह चंदेल

### फास्ट ट्रेक फिजीकल अकेडमी एवं पटेल एण्ड संस पडोरा द्वारा आयोजित एक दौड़ शहीदों के नाम संपन्न

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलवामा के हमले में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में फास्ट ट्रेक फिजीकल अकेडमी एवं पटेल एण्ड संस पडोरा द्वारा 42 कि.मी. की दौड़ शहीदों के नाम पर आयोजित की गई। जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पोलोग्राउण्ड पर पहुंच कर समापन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आईजी सीआरपीएफ गिरीश कुमार ने दौड़ में शामिल युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा करने वाले आज हम उन सैनिकों को याद कर रहे हैं जिन्होंने हमारी सुरक्षा करते हुए अपनी जान गवां दी। मैं फास्ट ट्रैक फिजीकल अकेडमी एवं पटेल एण्ड संस पड़ोरा को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने सैनिकों की स्मृति में इस दौड़ का आयोजन कराया और उन शहीद सैनिकों की स्मृति में इस दौड़ के रूप में सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि समाजिक कार्यों के साथ-साथ देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले और अपनी सहादत देने वाले सैनिकों कितना लगाव रखते हैं यह दौड़ अभिनंदनीय हैं। सीआईएटी के सुरेन्द्र खत्री एवं खेल अधिकारी के.के. खरे, समासेवी यशपाल सिंह रावत ने भी युवाओं को संबोधित किया। यह दौड़ सुबह 5÷30 बजे तात्याटोपे समाधि स्थल से प्रारंभ हुई और लगभग 5 घंटे में पुनः लौटकर पोलोग्राउण्ड पर समापन किया जिसमें सभी अतिथियों द्वारा दौड़ में भाग लेने वाले सहभागियों को विधिवत रूप प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजनकर्ताओं ने अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का शॉल श्रीफल से सम्मान किया । मंच का संचालन आदित्य शिवपुरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आईएमसी मध्य प्रदेश शासन भूपेन्द्र सिंह रावत, अस्टिेट कोच गौरव विश्वकर्र्मा, एसआरमी प्रदीप बाल्मिक, सत्यपाल सिंह, रूपकिशोर वशिष्ठ, सेवानिवृत्त आरमी हवालदार प्रदीप बाजपेयी, वलबीर रावत, पत्रकार लालू शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# भगवान श्री राम के ताक ने भर से मानव का कल्याण निश्चित हैः मां कनकेश्वरी

### त्याग तपस्या आराधना का केंद्र है विजय राम धाम खनेता,,, राम भूषण दास

**गोहद,,,** श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम खनेता पर श्री राम कथा के अवसर पर महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी ने भक्त गणों को श्री राम कथा का रसपान कराते हुए कहा है कि प्रभु राम किसी को ताक भर देख ले उसका कल्याण निश्चित है उदाहरण स्वरूप उन्होंने बताया कि सीता माता के स्वयंवर में धनुष तोड़ने जब सभी लोग बड़े-बड़े राजा महाराजा पहुंचे दस हजार व्यक्तियों के बल के बराबर धनुष तोड़ने के लिए जब भगवान प्रभु राम ने धनुष की परिक्रमा की सभी इष्ट देवी देवता गुरुजनों का नमन किया और जरा सी नजर भर के ताका की धनुष स्वता ही टूट गया धनुष मन ही मन खोखला हो गया और कहने लगा प्रभु मुझे तोड़ दो और स्वयं ही टूटने के लिए लालायित हो गया मां कनकेश्वरी ने कहा भगवान श्री और गुरुजनों की दृष्टि भी क्या कमाल कर देती है शिशुओं के भीतर काम क्रोध विराग द्वेष नष्ट कर देती है लेकिन उनकी वह दृष्टि साफ होती है तब दिव्य प्रकाश का उद्गम होता है राम की इच्छा सबसे बड़ी शुद्धता है राम की इच्छा ही समय की शुद्धता है इस अवसर पर श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम के महंत महामंडलेश्वर राम भूषण दास महाराज ने कहा है कि श्री रघुनाथ जी का मंदिर देव है गुरु महाराज विजय रामदास जी के त्याग तपस्या आराधना से तब कर यह सिद्ध क्षेत्र बना है यहां भक्तों की आस्था पर प्रभु ने बड़े चमत्कार किए हैं इस प्रांगण में भक्तों ने भगवत कथा के रूप में अपने जीवन को सुधारने के लिए भगवत कथा का रसपान किया है उनकी जीवन में नई ऊर्जा का विस्तार हुआ है इस अवसर पर दंदरौआ धाम के महंत रामदास महाराज जी के साथ मंचासीन विभिन्न क्षेत्रों से आए महान संत विराजमान थे तदुपरांत भगवान श्री कृष्ण की रासलीला ओं का आनंद भी भगवत कथा का रसपान करने आए श्रद्धालुओं ने लिया इस मौके पर पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन राकेश चौधरी वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया वरिष्ठ पत्रकार प्रह्लाद सिंह भदौरिया नरेंद्र सिंह धाकरे हरेंद्र सिंह धाकरे गुड्डू भदौरिया राजस्व निरीक्षक विनोद सिंह तोमर नवल सिंह परमार हनुमंत सिंह तोमर अशोक सिंह गुर्जर जनपद सदस्य देवी सिंह तोमर सरपंच खनेता राघवेंद्र सिंह पवैया सहित भारी संख्या में हजारों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे



### आज अंतिम दिन कथा आज होगी 11:00 बजे से प्रारंभ

श्री रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम खनेता पर संचालित राम कथा का आज अंतिम दिन है मां कनकेश्वरी के मुखारविंद उसे आज कथा का प्रारंभ प्रातः 11÷00 बजे से होगा 2÷00 बजे के बाद रासलीला और समापन होगा तमाम प्रदेशों के महान संतों का होगा आगमन प्रशासन ने व्यवस्था के लिए उठाए विशेष कदम

## दबोह पहुंचे एसडीएम के.वी.विवेक,किया परिक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-**लहार के नवागत एसडीएम मंगलवार को 10 वीं व 12 वीं की आगामी परीक्षाओ के चलते क्षेत्रीय दौरे पर रहे।इस दौरान नवागत एसडीएम के.वी.विवेक लहार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय व शासकीय कन्या हाईस्कूल में बनाये गए परिक्षाकेन्द्रों की व्यवस्थाये देखी व मिली कमियों को जल्द से जल्द पूरा करने की बात भी कही।यहां बता दें कि एसडीएम लहार ने परिक्षाकेंद्रों में सभी कक्षो का बारीकी से निरीक्षण किया एवम सीसीटीवी भी देखे।तो वहीं उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षाकेंद्र के बाहर 200 मीटर की दूरी की संचालित दुकाने परीक्षा समय तक बन्द करने की बात कही।उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वह सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले दोपहर परीक्षा खत्म होने तक अपनी अपनी दुकानें बन्द रखेंगे अन्यथा की स्तिथि में दुकान खुली पाई जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान एसडीएम के साथ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र सिंह कुशवाह मौजूद रहे व निरीक्षण के दौरान ष्टष्ट संजय शर्मा,प्राचार्य जे आर निराला,प्राचार्य ज्ञान सिंह दौहरे,संजय सोनी,महेंद्र कौरव,सन्तोष कौरव आदि शिक्षक मौजूद रहे।





## गरिमा प्रोजेक्ट अभियान के तहत सेनेटरी नेपकिन वितरण - विशाल राउत खोंगल



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

दिनांक 13 फरवरी 2022 रविवार एवं 14 फरवरी 2022 सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट द्वारा बेटियों व बहनो को माहवारी स्वच्छता और स्वास्थ्य प्रबंधन पर जानकारी दी एवं सेनेटरी पैड नेपकिन का वितरण किया गया। महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र जिला बालाघाट ( म प्र) के द्वारा गरिमा अभियान के तहत ग्रामीण अंचलों में बेटियों एवं माता बहनों को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के मार्गदर्शन, एवं,श्रीमती रश्मि सारसावत जी अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक, महिला बाल विकास कल्याण वात्सल्य एवं वीर श्री सोहन वैद्य जी अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल रीजन -9 एवं विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर × चेयरमेन लांजी महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 के निर्देशन पर ग्राम टेडवा , भिमोडी, ,की महिलाओं बेटियों को महावारी के समय किस तरह से स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में सजग रह सकते हैं यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।केंद्र के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा एवं विशाल राउत खोंगल के द्वारा महावारी के दौरान सेनेटरी पैड की उपयोगिता गुणवत्ता व निस्तारण की जानकारी दी ।बेटियों को महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन भी निशुल्क भेंट की गई एवं माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों का समाधान किया, बहनों के डॉक्टर के सुझाव अनुभव साझा किए ।सभी बेटियों ने एक स्वर में 卐माहवारी शर्म की नहीं ,सेहत की बात है 卐स्वीकार किया। महावीर इंटरनेशनल ऐसे सुदूर और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिला एवं बहनों को और बेटियों को एकत्रित करके उन्हें मार्गदर्शन देगा और इससे होने वाली बीमारियों के विषय में उसके बचाव उसकी सुरक्षा और होने वाली बीमारी की पूर्व ही इसके मार्गदर्शन को प्राप्त करें और सजग होकर अपनी जिंदगी जिए अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी स्वयं आपकी है क्योंकि बीमारी जब आप तक पहुंच जाएगी उसकी लड़ाई से आपको ही लड़ना अतः इन बीमारियों से बचाव के लिए और स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए महावीर इंटरनेशनल की पहल पर महिला और बहनों के लिए इस कार्यक्रम के माध्यम से ने अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है कि सुरक्षा ही हमारा बचाव है और हमें सजग होकर और सावधानी से इन विषयों पर जानकारी लेकर अपने अपने परिवार की सुरक्षा स्वयं करनी है। साथ ही बहुत जल्दी ग्रामीण अंचलों में अगर महिलाएं एकत्रित होकर एवं स्व सहायता समूह, आशा कार्यकर्ताओं एवं जागरूक महिलाओं का समूह ग्रामीण मंडल का ग्रामीण क्षेत्रों में सहयोग मिला निश्चित ही जल्दी ग्रामीण क्षेत्र में विशेषज्ञ एमडी मेडिसिन डॉक्टर एवं महिला गाइनेकोलॉजिस्ट प्रसूति डॉक्टर और वरिष्ठ डॉक्टर को साथ में लेकर जाकर गांव - गांव उनके इलाज के लिए छोटे-छोटे शिविरों का आयोजन किया जाएगा। टेडवा, भिमोडी , में महिला समूह एवं वरिष्ठ महिलाओ की उपस्थिति आप सभी का सहयोग मिलेगा साथ इस कार्यक्रम में समूह द्वारा इनकी महिलाओं का भी साथ एवं सहयोग मिला । हम सभी महिला बहनों बेटियों का महावीर इंटरनेशनल की ओर से आभार व्यक्त करते हैं क्या आपने हमारे इस मिशन में और हमारे इस विषय को सुना एवं अमल करने हेतु हमें आश्वस्त किया कि भविष्य में आपका साथ देंगे जो भी ऐसे कार्यक्रम होंगे हम आपके साथ खड़े हैं और महिलाओं को जागृत करेंगे, महिला जागृति इस मिशन में महावीर इंटरनेशनल के सभी सदस्य जिनमें मे विशाल राउत खोंगल चेयरमेन, लक्ष्मण नाकतोड़े,भूपेश कटरे, पुरुषोत्तम अस्तने, महेंद्र डोक,संतोष तिडेक, अरशद खान, विजय कुथे, कुणाल नाकतोड़े, भानु डोनाड़कर, धनजय ठाकरे, पवन खरखाटे, नाखते, प्रदीप मोनू अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, जगन्नाथ दादू नाकतोड़े, एवं टीम के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

# सहरिया आदिवासी एवं गरीब आदमी के विरूध्द अधिकारी एवं कर्मचारियों के व्दारा किया जा रहा भ्रष्टाचार एवं शोषण को खतम करो: बाली कुशवाह



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से है जहाँ आज जिले के समस्त तहसील के एस.डी.एम., तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारी मनमानी करने में लगे हैं ये पूरी तरह लापरवाह हैं सहरिया आदिवासियों की कोई बात नहीं सुनते हैं जिससे इनका विकास जिले में शून्य हो गया है खुद आप जनसुनवाई में इनका कोई कार्य नहीं करते और आप सब अधिकारी कर्मचारी मिलकर इनका व्यापक स्तर पर शोषण करने में हैं इनके जिले में 10 फीसदी भी प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय नहीं बने हैं अतः तुरन्त ही इन सभी के प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय बनवायें 50 फीसदी सहरिया लोगों को आज भी किसी प्रकार का राशन नहीं मिलता, इनको किसी प्रकार की मजदूरी नहीं मिलती इसलिए तुरन्त इनके 100 फीसदी राशन कार्ड बनवाये एवं इन्हें मजदूरी दिलवायें इसके साथ ही 50 फीसदी लोगों को आज भी पेंशन नहीं मिलती इन्हें तुरंत पेंशन देने का कार्य किया जाऐ इनकी वस्तियों में बिजली पानी व सड़क का व्यापक स्तर पर अभाव है इसलिए बिजली पानी सडक की तुरंत व्यवस्था की जाऐ आदिवासी वस्तियों में दारू विक्रय पर रोक लगाने के लिए आदिवासी लोगों व्दारा आवाज उठाई गई थी। जिस पर स्वयं आपने और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के व्दारा आदिवासी बस्तियों में दारू विक्रय पर रोक लगाने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आपने आज तक इस सम्बंध में कोई कार्यवाही नहीं की ये आपकी मनमानी नहीं चलेगी दारू विक्रय से पूरे सहरिया समाज का भयंकर शोषण हो रहा है। सहरिया आदिवासी एवं गरीब आदमी को शासकीय योजनाओं से अवगत करायें व आज से ही उन्हें इन योजनाओं का लाभ देने की योजना बनायें जिले में हजारों सहरिया आदिवासी परिवार एवं गरीब आदमी जो बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित थे ये सभी विभिन्न पहाडियों पर झोपडी बनाकर निवास रहे हैं। इन्हें तुरंत सम्पूर्ण सुवधायें देकर व्यवस्थित करायें। पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी गरीब जनता के साथ न्याय नहींकरते हैं ये बाहुबलियों से रिश्वत लेकर गरीबों को न्याय नहीं देते पूरे पुलिस विभाग में तुरंत सुधार किया जाये। करैरा एस.डी.एम. दिनेश चन्द्र शुक्ला जनसुनवाई में नहीं बैठते हैं। न ही ये नरवर तहसील जाते हैं। सहरिया आदिवासियों से ये घृणा करते हैं। उनसे मिलने से मना करते हैं। उलटा सहरिया आदिवासी लोगों को डरा धमका कर उनकी आवाज को दवाने का काम करते हैं, आदिवासियों का भयंकर शोषण कर रहे हैं। इस प्रकार से ऐसे अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए इन्हें बर्खास्त कर जेल भेजा जाए उक्त सभी समस्याओं का यदि तुरंत समाधान नहीं किया गया तो जिले के समस्त सहरिया आदिवासी एवं गरीब आदमी मिलकर व्यापक स्तर पर जिले में चक्का जाम करेंगे और आप से कोई बात नहीं करेंगे जिसके लिये आप स्वयं कलेक्टर (अक्षय कुमार) जिम्मेदार होंगे



## शिविर में 803 लोगों ने किया रक्तदान

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरः**-मदूर तहसील में स्थित केयमदोड्डी गांव में सम्मान युवक मित्र संघ भेली रक्तनिधि केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। शिविर में मदूर मलवल्ली, केयमदोड्डी, भारतीनगर मंड्या सहित आस-पास गांवो से 803 लोगों ने रक्तदान किया।इस अवसर पर शिविर में समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर ने लोगों को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेषित किया ।शिविर में अबरीश अभिमानी संघ अध्यक्ष शंकरे गौडा, गवरी शंकर, मनोज, आनंद, सागर, सत्य राजू हणुर, सतीश, अनुपम्मा, पुनीत, के कालाप्पा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस का वार्ड नं.2 व 3 में घर चलो घर-घर चलो अभियान सम्पन्न



**उमाकान्त शर्मा संबाददाता चम्बल संभाग**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** नगर कांग्रेस भिंड के अध्यक्ष सन्तोषत्रिपाठी द्वारा भिंड नगर के वार्ड नंबर 2,3 में घर चलो घर-घर चलो अभियान चलाया गया।और 23 फरवरी को माननीय कमलनाथ जी के आगमन पर लोगों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया माननीय कमलनाथ जी भिंड के एमजेएस कॉलेज के राजीव गांधी स्पोर्ट्स परिसर में विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा और सदस्यता अभियान के प्रभारी बृजेंद्र सिंह कल्लू भारौली विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर घर घर जाकर कांग्रेस के 15 महीने के काम बताए और इन 7 सालों में भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर किया भाजपा सरकार ने नोटबंदी करके देश को आर्थिक संकट में रख लिया जिसका परिणाम आज भी देश भुगत रहा है। उसके बाद जीएसटी के रूप में देश पर कर लगाकर आम जनता को महंगाई की ओर धकेल दिया बीजेपी द्वारा नगरी निकाय और पंचायतों के चुनाव ना करा कर बार-बार लोकतंत्र की हत्या की जा रही है मध्य प्रदेश में आज माफिया गुंडे भ्रष्टाचारी और दलाल बडे तरीका से सक्रिय हैं इससे आमजन के अंदर भयभीत का माहौल है इस अवसर पर शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा भदौरिया बृजेंद्र सिंह कल्लू शिवदत्त शर्मा कालीचरण शर्मा धीरेंद्र सिंह कुलदीप भारद्वाज सर्वेश यादव जडेल सिंह भदोरिया गोपाल सविता पिंटू शर्मा नीलम भदोरिया अजय जैन हिम्मत सिंह हरिऔध सोनू सिंह राजावत अनुराग मिश्रा सूरज पाल सिंह राजावत कल्लू यादव मनीष शुक्ला कान्हा श्रीवास आदि कांग्रेसी उपस्थित थे

# सम्मानीय प्रांतीय अध्यक्ष पदाधिकारी समस्त शिक्षक द्वारा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली के उपलक्ष में बनाया गया जिला अध्यक्ष

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर ,9691338626**

**पिछोर,** सम्मानीय प्रांतीय अध्यक्ष महोदय आदरणीय गोविंद त्रिवेदी एवं प्रांतीय पदाधिकारी समस्त शिक्षक द्वारा महिला मोर्चा जिला शिवपुरी की जिला अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली के उपलक्ष में बनाया गया जिला अध्यक्ष आज महिला मोर्चा जिला शिवपुरी की जिला अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली के उपलक्ष में रामदेवी करोथिया के लिए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाया गया जिसमें सभी बहनों एवं समस्त स्टाफ ने उनके लिए नवनियुक्त किया सभी संगठनों का काम सिर्फ अपने हक की लड़ाई शामिल होकर एकजुटता का परिचय देना है ना कि अपनी वाह-वाह के चक्कर में जिस चीज के लिए हम संगठनों में जुड़े हुए हैं उस चीज को ही हमेशा प्राथमिकता देना है ताकि हमारी पुरानी पेंशन बहाली हो सके और मैं तन मन से पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ सभी मेरे शिक्षक साथियों एवं बहनों सभी के साथ हम मिलजुल कर अपने हक की लड़ाई में जरूर सरकार के सामने अपना मुद्दा रखेंगे और भी समस्त सम्मानित पदाधिकारियों एवं शिक्षक एवं मेरी बहनें शिक्षिकाएं जिन्होंने भी मुझे बधाई प्रेषित की है उनके लिए भी हृदय की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद और हमेशा ही आप सभी का सहयोग और अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहें और हमेशा अपने आप को कभी अकेला ना समझे हम सबका सहयोग ही एक संगठन की मजबूती है रामदेवी करोठिय द्वारा अपने उद्बोधन में कहां साथ ही समस्त लोगों का आभार व्यक्त किया जिसमें संगठन के सभी महानुभावों उपस्थित रहे एवं सभी का कार्यक्रम में सहयोग रहा और साथी कहां गया संगठनों मजबूत करना है और आगे बढ़ाना है तो हम सभी का दायित्व यह है इस संगठन के साथ कदम से कदम मिलाकर चले और आगे बढ़ाएं जिससे हम सभी के लिए अपना अपना हक मिल सके पुरानी पेंशन बहाली के लिए हम सभी अपनी मेहनत एवं बलबूते कार्य करते रहें जिससे आगे चलकर संगठन और मजबूत हो सके




## राजस्थान प्रदेश सरकार के विरोध में किया विधानसभा का घेराव

### भाजपा ने किया गहलोत सरकार का घेराव। पाली के सैकड़ों भाजपाइयों ने लिया हिस्सा

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली ।** भारतीय जनता पार्टी पाली जिले से जिलाध्यक्ष मंसाराम परमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जयपुर में अध्यापिका पात्रता परीक्षा रीट घोटाले की सीबीआई जांच को लेकर जिलेभर से कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि सभी कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि विधानसभा पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे ।तभी कांग्रेस की प्रदेश सरकार को यह नागवार गुजरा तथा उन्होंने पानी की बौशारो के साथ लाठीचार्ज किया ।जिससे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को भी चोट आई ।तथा पाली जिला जिला महामंत्री मोहन जाट घायल हो गए ।उनको को जयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया इसे लेकर पाली जिला के कार्यकर्ताओं ने लाठीचार्ज की निंदा तथा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार तथा जिले के सभी विधायकगणो ने रोष व्यक्त किया है ।पाली जिले के सभी जनप्रतिनिधियों ने जिला महामंत्री के साथ हुए अमानवीय व्यवहार की भर्त्सना की है तथा उचित कार्रवाई की मांग की प्रदेश की सरकार पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से खराब कर चुकी है इसके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समय-समय पर आवाज उठाते रहे हैं ।उन पर खीज निकालने के लिए लाठीचार्ज करवा रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रहित में जनहित के मुद्दों को सदैव आगे रखकर काम करने वाला कार्य करता है। वह कभी भी ऐसे छोटे-मोटे लाठीचार्ज से डरने वाला नहीं है ।



# चार शातिर बदमाश गिरफ्तारः लूट व चोरी की 07 मोटर साइकिल, 02 स्कूटी, 15 मोबाइल, 2050 रुपए सहित गिरफ्तार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा दिनांक 14.02.2022 को थाना पिलुआ व मारहरा पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की इंटेलिजेंस विंग द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चार शातिर बदमाशों को लूट / चोरी की योजना बनाते समय सिंचाई विभाग निरीक्षण भवन के पीछे से समय करीब 21.15 बजे गिरफ्तार किया गया है। जामातलाशी तथा मौके से लूट व चोरी की 05 मोटर साइकिलें, 02 स्कूटी, 02 घटनाओं में प्रयुक्त मोटर साइकिलें, 15 मोबाइल फोन, 2050 रुपये तथा 04 अवैध तमंचे व 09 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं।



### पूछताछ का विवरण

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने ये मोटर साइकिल, स्कूटी तथा मोबाइल फोन एटा तथा आसपास के जिलों से चोरी / लूटें हैं, तथा आज इन्हें बेचने तथा बेचने के बाद लूट / चोरी की घटना को अंजाम के लिए यहाँ इकट्ठा हुए थे। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना पिलुआ पर धारा 41 / 102 सीआरपीसी व 398, 401, 411, 413, 414, 420 भादवि तथा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### महत्वपूर्ण तथ्य -

1. गिरफ्तार अभियुक्त गिरोह बनाकर काम करते हैं, जिसमें अभियुक्त विवेक उर्फ लालू इनका गैंग लीडर है।
2. चारों अभियुक्त थाना पिलुआ क्षेत्रांतर्गत आसपास के गाँवों के रहने वाले हैं, जो आपस में दोस्त भी हैं, और आसपास के जनपदों एटा, कासगंज, गाजियाबाद, हाथरस, अलीगढ़ आदि जिलों में वाहन चोरी व लूट किया करते हैं।
3. अभियुक्तगण अपने शौक पूरे करने के लिये आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे।
4. अभियुक्तगण पुलिस की नजर से बचने के लिये एक जनपद से बाइक चोरी कर दूसरे जनपद में बेचते थे।
5. बरामद वाहनों में से दो स्कूटी थाना कोतवाली देहात एटा पर पंजीकृत लूट व चोरी के अभियोग से से, एक बाइक थाना कोतवाली नगर एटा से, एक बाइक थाना पिलुआ एटा से, एक बाइक थाना कोतवाली कासगंज से, एक थाना कोतवाली इंन्द्रापुरम, गाजियाबाद पर पंजीकृत बाईक चोरी व लूट के मुकदमों से सम्बंधित हैं। अन्य की जानकारी की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नामपताः

1. विवेक उर्फ लल्लू यादव पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम लक्ष्य थाना पिलुआ जिला एटा।

2. प्रवेंद्र उर्फ पतरा यादव पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम नगला ब्रहम थाना पिलुआ जिला एटा

3. नितेश पुत्र उमेश चंद्र निवासी ग्राम अगला लच्छी थाना पिलुआ जिला एटा।

4. अभिषेक पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम नगला बुला थाना पिलुआ जिला एटा।

### बरामदगी

. 07 मोटर साइकिलें (05 विभिन्न चोरी व लूट की घटनाओं से संबंधित व 02 घटनाओं में प्रयुक्त)

. 02 स्कूटी ( विभिन्न चोरी व लूट की घटनाओं से संबन्धित )

. 15 मोबाइल फोन ( विभिन्न चोरी व लूट की घटनाओं से संबन्धित)

. 2050 रुपये नकद

. 04 अवैध तमंचा, 09 जिंदा कारतूस 315 बोर

### अनावृत अभियोगों का विवरण

. एक स्कूटी यूपी 82 एसी 5174 मुअसं - 33 / 22 धारा 379 भादंवि थाना कोतवाली देहात एटा।

. एक स्कूटी यूके 07 डीएन 4583 व एक मोबाइल फोन वीवो मुअसं 45 / 22 धारा 395 भादंवि थाना कोतवाली देहात एटा।

. एक हीरो डीलक्स मोसा0 यूपी 82 एडी 8823 मुअसं 20 / 22 धारा 392, 342, 506 भादंवि थाना पिलुआ।

. एक पैशन प्रो मोसा0 यूपी 82 जेड 5373 मुअसं - 92/22 धारा 379 भादंवि थाना को0नगर एटा

. एक पैशन प्रो मोसा0 यूपी 18 बी 1342 मुअसं 778 / 15 धारा 379 भादंवि थाना कोतवाली कासगंज कासगंज

. एक पैशन प्रो मोसा0 बिना नम्बर प्लेट संबंधित मुअसं - 574/14 धारा 379 भादंवि थाना इंदिरापुरम, गाजियाबाद

. एक स्पलेंडर यूपी 82 वी 2706 थाना कोतवाली नगर के जिला पंचायत परिसर से चोरी की गई।

. एक आईटेल मोबाइल फोन थाना पिलुआ

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण

. निरीक्षक श्री संजीव कुमार तोमर प्रभारी इंटेलिजेंस विंग

. उप0 निरी0 श्री अश्वनी कुमार

. कां0 मनोज कुमार . कां0- विजेंद्र सिंह. कां0- दीपक त्रिवेदी . कां0- हरकेश गुर्जर. कां0चालक मनीकुमार -. प्रभारी निरीक्षक श्री रामकेश राजपूत थाना मारहरा . उप0निरी0 श्री रमाकांत शर्मा. कां0-अंकित राजपूत. कां0-जगबीर सिंह. प्रभारी निरीक्षक श्री बेगराम सिंह थाना पिलुआ. वरिष्ठ उप निरी0 श्री देवेंद्र सिंह . महिला उप0 नि0 श्रीमती रेणुका चौधरी. कां0 धर्मेंद्र कुमार

. रिक्रूट आरक्षी नितिन कुमार

. कां0 चालक मनोज कुमार. हेडश्कां0 सुखबीर. उपनिरीक्षक अनुज चौहान थाना कोतवाली देहात. आरक्षी अभिषेक यादव

# लायसेंसी हथियारों का रौब दिखाना भारी पड़ा, तीन दबंगों के शस्त्र लायसेंस निरस्त



## कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई

ग्वालियर। लायसेंसी बंदूक का रौब दिखाकर निर्दोष लोगों को धमकाना तीन शस्त्र लायसेंसधारियों को भारी पड़ा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इन दोनों के शस्त्र लायसेंस निरस्त कर दिए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में इस आशय की शिकायत आने पर कलेक्टर श्री सिंह ने शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की है।

आर्य नगर मुरार निवासी श्री कप्तान सिंह ने कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में पहुँचकर फरियाद की थी कि मेरा मूल निवास स्थान ग्राम गणेशपुरा है, जहाँ हमारी जमीन है। गाँव के आपराधिक प्रवृति के दबंग व्यक्ति श्रीलाल राजे एवं उसके पुत्रों द्वारा लायसेंसी बंदूक की धमकी देकर हमारी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, इससे हम बहुत परेशान है। श्रीलाल के खिलाफ बिजौली पुलिस थाने में संगीन आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और श्रीलाल राजे के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

इसी तरह डबरा तहसील के ग्राम जतरथी निवासी मंशाराम ने जन-सुनवाई में शिकायत की थी कि गाँव के पोषण सिंह सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा लायसेंसी पिस्टल का रौब दिखाकर मेरी की गन्ने की फसल काटने नहीं दी जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस शिकायत के परीक्षण उपरांत पोषण सिंह का लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

आरजेपुरम निवासी फरियादी श्री राजभान सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत की गई कि मेरे द्वारा आरोपी देश दीपक सिंह कुशवाह के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन वह अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है और अपनी लायसेंसी बंदूक से धमकाकर मेरे ऊपर राजीनामा करने के लिये दबाव डाल रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने रामेश्वर नगर गदाईपुरा निवासी आरोपी देश दीपक सिंह कुशवाह का शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार 65 आवेदन दर्ज किए गए। जन-सुनवाई में आए सभी फरियादियों की कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा व श्री इच्छित गड़पाले सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

कलेक्टर श्री सिंह ने हर बार की तरह इस बार की जनसुनवाई में भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जरूरतमंदों को इलाज सहित अन्य प्रयोजन के लिये आर्थिक मदद भी दिलवाई। साथ ही निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

नोटरी के जरिए एक प्लॉट को कई लोगों को बेचने संबंधी शिकायत को भी कलेक्टर श्री सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि सरकारी जमीन को बेचने का अपराध करने वाले भू-माफियाओं की जमीन व अन्य अचल सम्पत्तियों को सरकारी घोषित करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर भी कराएँ।

# जिले में आलू मूल्य श्रंखला शुरू, लगभग 10 बीज गाँव बनाए जायेंगे

### उटीला में नाबार्ड ने किया आलू मूल्य श्रृंखला का शुभारंभ




ग्वालियर। एक जिला- एक उत्पाद के तहत ग्वालियर जिले को प्रदेश सरकार द्वारा आलू उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया है। जिले में सरकार और अन्य संगठनों के प्रयासों से उच्च कोटि के आलू उत्पादन में बड़ोत्तरी और इससे अधिकाधिक किसानों को जोड़ने के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के सहयोग से विकासखण्ड मुरार के ग्राम उटीला में 'आलू मूल्य श्रृंखला' का शुभारंभ किया गया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री निरूपम मेहरोत्रा शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्री धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिले में लगभग 10 बीज गांव बनाए जाएंगे। साथ ही 1000 से ज्यादा किसानों को इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्वालियर जिले के किसानों को आलू के बीज का उत्पादन करने में सक्षम बनाया जाएगा, ताकि किसानो को ग्वालियर से ही अच्छे किस्म के आलू के बीज काम दाम में उपलब्ध हो सके।

इस काम के लिए नाबार्ड ने अराइज फाउंडेशन को इंप्लीमेंटिंग एजेंसी के रूप में चुना है। केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, उद्यानिकी विभाग, मध्य प्रदेश सरकार एवं कृषि विश्वविद्यालय इसमें टेक्निकल गाइडेंस प्रदान करेंगे। इस योजना के अंतर्गत एक फॉर्म प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन एफपीओ भी बनाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार के उद्यानिकी विभाग नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड और अन्य सरकारी योजनाओं को कन्वर्जेंस के माध्यम से काम किया जाएगा

नाबार्ड भोपाल से श्री वाईएन महादेवैया एवं श्री पंकज यादव, केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के डायरेक्टर श्री एस पी सिंह, राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से एक्सटेंशन के डायरेक्टर श्री यादवेंद्र सिंह एवं उद्यानिकी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर श्री सुशील गौरव जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती का जिला स्तरीय समारोह , अजाक्स कार्यालय में आज

ग्वालियर। संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती का जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 16 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से अजाक्स कार्यालय ठाठीपुर में किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष मध्यप्रदेश बीज एवं फार्म विकास निगम श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव होंगीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी, जिला अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री मदन कुशवाह, पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### स्मार्ट क्लास के जरिए ग्रामीण बच्चे भी करेंगे डिजिटल पढ़ाई

**जिले के आठ स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिये 12 लाख की राशि मंजूर**

ग्वालियर। जिले के ग्रामीण अंचल के बच्चे भी स्मार्ट क्लास के जरिए डिजिटल प?ाई से जो? जा रहे हैं। इस क?ी में श्यामाप्रसाद मुखर्जी रूरबन मिशन और सर्वशिक्षा अभियान के तहत चयनित जिले के आठ ग्रामीण स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिये 12 लाख रूपए की धनराशि मंजूर की गई है। जनपद पंचायत डबरा में रूरबन मिशन के तहत चयनित छीमक संकुल के विद्यालयों में मुस्कान ड्रीम्स क्रिएटिव फाउण्डेशन के सहयोग से इन स्कूलों में स्मार्ट क्लासों की स्थापना होगी।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करायें। आवेदक अपनी समस्या लेकर निगम के चक्कर न लगाये। उक्ताशय के निर्देश आज निगमायुक्त श्री किशौर कन्याल ने जनसुनवाई सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के श्री कुलदीन मगरैया ने अवैध कब्जे को हटाये जाने के संबंध में, शताब्दीपुरम के श्री विश्वनाथ सिंह सिकरवार ने शासकीय पार्क से अवैध कब्जे को हटाये जाने के संबंध में, वीरपुर निवासी श्रीमती हिमांशी राजौरिया ने अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने के संबंध में, बहोडापुर के श्री अभिषेक ने अवैध रूप से बने धुलाई सेंटर को बंद किये जाने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग 37 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# पक्की नहर के जरिए पहसारी से जुड़ेंगे वीरपुर, रायपुर व हनुमान बांध

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह की पहल पर 34 करोड़ की राशि मंजूर

### स्वर्ण रेखा में साफ पानी बहने का सपना भी साकार होगा

ग्वालियर। वीरपुर, रायपुर व हनुमान बांध आगे चलकर वर्ष भर पानी से लबालब रहेंगे। पहसारी जलाशय से इन बांधों में पानी लाने के लिये अत्याधुनिक तकनीक से 26 किलोमीटर लम्बी सीमेंट कंक्रीट युक्त पक्की नहर बनाई जायेगी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह के प्रयासों से पक्की कैनाल के निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग ने 34 करोड़ रूपए की राशि की मंजूरी दे दी है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने बताया कि पहसारी से वीरपुर, रायपुर व हनुमान बांध को जोड़ने के लिए कुल 52 करोड़ रूपए की कार्ययोजना बनी है। यह परियोजना तीन चरणों में मूर्तरूप लेगी। जिसमें से दो चरणों के लिये कुल 34 करोड़ रूपए की राशि जल संसाधन विभाग द्वारा मंजूर की जा चुकी है। इसमें से प्रथम चरण में 15 करोड़ रूपए के कार्य के लिए निविदा जारी हो चुकी है। द्वितीय चरण की 14 करोड़ रूपए की निविदा जल्द ही जारी हो जायेगी।

राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पहसारी से इन तीनों बांधों को जोड़ने के लिये 26 किलोमीटर लम्बी पक्की कैनाल के साथ-साथ तीनों बांधों के जलाशयों का जीर्णोद्धार भी होगा। साथ ही अन्य परियोजनाओं के संयोजन से बांधों का सौंदर्यीकरण कर इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कैनाल का काम पूरा होने के बाद जब ये तीनों बांध भरेंगे तो स्वर्ण रेखा में भी साफ पानी बहेगा।




# शहर के नए वार्डों के पात्र लोगों को विशेष शिविर लगाकर दिलाएँ घर का मालिकाना हक : श्री कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने ली संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों की बैठक



ग्वालियर। ग्वालियर शहर में शामिल हुए ग्रामीण वार्डों में लंबे अर्से से सरकारी जमीन पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को उनके घर का मालिकाना हक मिलेगा। इस सिलसिले में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों की बैठक लेकर धारण अधिकार अधिनियम के तहत पात्र परिवारों को मकान का मालिकाना हक दिलाने के लिये विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शहर से जु? नए वार्डों में 22 से 28 फरवरी के बीच यह शिविर लगाए जायेंगे।

मंगलवार को यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि धारण अधिकार अधिनियम के तहत सरकार ने हर पात्र परिवार को घर का वास्तविक मालिकाना हक दिलाने का संकल्प लिया है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की ?िलाई न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन शिविरों के जरिए मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल और मुख्यमंत्री घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना के कार्ड भी बनाए जाएं। बैठक में श्री कुशवाह ने प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए कि किसानों के कल्याण के लिये संचालित इन योजनाओं के लाभ से कोई पात्र किसान वंचित नहीं रहना चाहिए। श्री कुशवाह ने अभियान बतौर इस योजना से शेष किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री इच्छित ग?पाले ने राज्य मंत्री श्री कुशवाह को भरोसा दिलाया कि धारण अधिकार अधिनियम के तहत सुव्यवस्थित ढंग से शिविर लगाए जायेंगे। इन शिविरों में नगर निगम के सहयोग से भवन निर्माण, कर्मकार कल्याण मण्डल और सभी पात्र घरेलू कामकाजी महिलाओं को कार्ड वितरित किए जायेंगे। बैठक में एसडीएम लश्कर श्री अनिल बनवारिया, एसडीएम झाँसी रो? श्री सी बी प्रसाद, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर, एसडीएम मुरार श्री अशोक सिंह चौहान व एसडीएम मुरार ग्रामीण श्रीमती पुष्पा पुषाम सहित संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद थे।

# फैक्ट्रियों एवं चिमनियों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये सीएनजी गैस से करें कनेक्शनः कलेक्टर श्री सिंह




ग्वालियर। शहर में फैक्ट्रियों एवं चिमनियों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये फैक्ट्रियों के वायलर को नियमानुसार सीएनजी में बदला जाये। इसके लिये अवंतिका गैस एजेंसी एवं उद्योगतियों से बात कर औधोगिक क्षेत्र में सीएनजी की लाइन डालकर सभी को कनेक्शन दिया जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र सिंह विक्रम ने एयर क्वालिटी इंडेक्स इम्प्रूवमेंट अवेयरनेस वर्क शॉप 2022 के तहत कहे। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी, औधोगिक क्षेत्र के उद्योगपती एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बाल भवन में आयोजित बैठक में आद्योगिक क्षेत्र में कचरे के जलने से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि वहां नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन पहुंचे यह निगम के अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही वर्क शॉप कर लोगों को कचरा न जलाने के लिये प्रेरित करें। प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर पीयूसी की स्थापना के लिये आरटीओ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि एक माह के अंदर कार्यवाही पूर्ण करें। एयर क्वालिटी नापने के चार अत्याधुनिक डिस्प्ले शहर के प्रमुख स्थानों दीनदयाल नगर, बाडे, मुरार एवं हजीरे क्षेत्र में लगाये जाऐंगें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478